www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची 05 सितंबर, 2025, शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 316, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
KG - I
Nursery
KG - II
ADMISSION OPEN

Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

मुख्यमंत्री रिनपास के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए

हेमंत देंगे रिनपास को संजीवनी

- आधारभूत संरचना तथा शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत किया जायेगाः मुख्यमंत्री
- टेली मेंटल हेल्थ वीडियो कांफ्रेंसिंग सेवा और डिजिटल अकादमी का किया शुभारंभ
- पोस्टल स्टांप, स्मारिका और चार पुस्तकों का भी विमोचन डॉक्टर किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रिनपास (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलाइड साइंस) में जल्द कई बदलाव देखने को मिलेंगे। रिनपास में आधारभूत संरचना तथा शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा। यहां जो भी कमियां होगी, उसकी विस्तृत समीक्षा कर उसे दूर किया जायेगा। यहां मानसिक मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनका अत्याधुनिक तरीके से इलाज की समुचित व्यवस्था हो, इस दिशा में राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को रिनपास के 100 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सेवा, समर्पण और विश्वास के गौरवशाली सौ वर्ष पूरे होने पर रिनपास से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

रिनपास जैसे संस्थानों की भूमिका तेजी से बढ़ रही: मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय रिनपास जैसे संस्थानों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। जिस तरह लोग मानसिक अवसाद की गिरफ्त में आ रहे हैं। वैसे में उन्हें बेहतर काउंसलिंग और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। हालांकि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसे रिनपास जैसे संस्थान में आने की नौबत आये, लेकिन मानसिक परेशानी, मजबूरी और परिस्थिति कई लोगों को यहां तक आने को मजबूर करती है। ऐसे में यहां आने वाले मनोरोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर जायें, इसके लिए यहां इलाज की बेहतर से बेहतर व्यवस्था व्यवस्था की जायेगी।

इन्हें किया गया सम्मानित: रिनपास के अवकाश प्राप्त निदेशक डॉ पीके चक्रवर्ती, डॉ एनएन अग्रवाल, डॉ अशोक कुमार प्रसाद, डॉ अशोक कुमार नाग और डॉ केके सिंह, रिटायर्ड मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ प्रवीण कुमार, सेवानिवृत फैकल्टी मेंबर डॉ एएन वर्मा तथा डॉ केसी सेंगर अहम सेवा तथा योगदान के लिए सम्मानित किये गये। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सुरेश कुमार बैठा, झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज, बेंगलुरु की निदेशक डॉ प्रतिमा मूर्ति, चीफ पोस्ट मास्टर जेनरल (झारखंड परिमंडल) विधान चंद्र रॉय, रिनपास के निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

इलाज में आधुनिक तकनीकों का हो इस्तेमाल

हेमंत सोरेन ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के इलाज में अत्याधुनिक तकनीकों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की दिशा में हमें आगे बढ़ना होगा। रिनपास में मरीजों की मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए जो भी डिजिटल चिकित्सा तकनीक की जरूरत होगी, उसे उपलब्ध कराया जायेगा ।

मरीज को छोड़ कर चले जाते हैं कई परिजन

मुख्यमंत्री ने इस बात पर चिंता जतायी कि कई परिजन अपने मरीज को यहां छोड़ कर चले जाते हैं और फिर उन्हें कभी लेने भी नहीं आते हैं। वहीं, कई बार घरों में ही मनोरोगी को अलग-अलग तरीके से 'कैद' कर रखा जाता है, जो हमारे परिवार और समाज के लिए अच्छा नहीं है। ऐसी परिस्थिति में मानसिक मरीजों की मन:स्थिति कैसी होती होगी, उसकी कल्पना हम नहीं कर सकते हैं। ऐसे में मानसिक समस्या से ग्रसित मरीजों तक सहजता और सरलता के साथ हमारी व्यवस्थाएं पहुंचे, इसके लिए गंभीरता से पहल करने की जरूरत है।

रिनपास की स्थापना करनेवाले काफी दूरदर्शी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1925 में जब मनोचिकित्सा के क्षेत्र में इस संस्थान की स्थापना हुई थी, उस वक्त इसकी क्या जरूरत रही होगी, यह हम तो नहीं बता सकते हैं, लेकिन आज जिस तरह ऐसे संस्थान की अहमियत बढ़ चुकी है, वह बताने के लिए काफी है कि जिन्होंने भी आज से सौ वर्ष पहले रिनपास की नींव रखी होगी, वे कितने दूरदर्शी रहे होंगे। यह संस्थान पिछले 100 वर्षों से लोगों की सेवा में समर्पित है। यह सेवा भाव अनवरत जारी रहे, इसे और भी बेहतर बनायेंगे।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद, एक घायल

- शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में बुधवार रात 10 लाख के इनामी टीएसपीसी कमांडर शशिकांत के दस्ते के साथ पुलिस की भीषण मुठभेड़ हुई। इसमें जिला पुलिस बल के दो जवान संतन मेहता और सुनील राम शहीद हो गये, जबकि एक जवान रोहित कुमार घायल हैं। देर रात 2 बजे घायल जवान को इलाज के लिए एमएमसीएच लाया गया। डॉ सुशील और डॉ प्रवीण सिद्धार्थ की टीम ने उनका इलाज किया।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि जिस इलाके में मुठभेड़ हुई, वह टीएसपीसी के 10 लाख इनामी कमांडर शशिकांत गंझू का क्षेत्र है। जहां मुठभेड़ हुई है, वहां के गांव में करमा उत्सह मनाया जा रहा था। पुलिस को सूचना थी कि शशिकांत गंझू वहां मौजूद है। इसी सूचना पर पुलिस बुधवार की शाम 7 बजे के करीब सर्च ऑपरेशन के लिए निकली हुई थी। इस दौरान पुलिस जब वहां पहुंची, तो पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है, जबकि दो जवान शहीद हुए हैं।

पलामू की पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने अस्पताल पहुंच कर घायल जवान का हालचाल लिया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। हम नक्सली गतिविधियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डीआइजी नौशाद आलम के अनुसार जिला पुलिस, आइआरबी और एसटीएफ की 2 टीम सर्च ऑपरेशन में गयी थी। आइजी अभियान ने दावा किया कि झारखंड में 95 प्रतिशत नक्सली गतिविधियां समाप्त हो चुकी हैं और यह घटना 'बुझने से पहले दीये की आखिरी लौ' जैसी है।

मोदी को गाली देने के मामले में एनडीए का बिहार बंद मिलाजुला

पटना (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां को गाली देने के मामले में एनडीए ने गुरुवार को बिहार बंद किया। पूरे राज्य में सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनडीए के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और दुकानें बंद करायी। चौक-चौराहों को जाम किया। इस दौरान समस्तीपुर, बेगूसराय, छपरा, हाजीपुर, दरभंगा में समेत 12 जिलों में दो से तीन घंटे नेशनल हाइवे जाम किया गया। गाड़ियों की लंबी लाइन लग गयी। बंद को लेकर कांग्रेस और राजद ऑफिस की सुरक्षा बढ़ायी गयी थी। साथ ही पटना में दो हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किये गये।

GD GOENKA SCHOOL
Thrive. For Life.
(Under The Aegis of GD Goenka Group)
Ranchi
Jharkhand

Dear stakeholders we should encourage our children to think out of box but first they should unbox what they already have.

Happy Teacher's Day

Dr. Sunil Kumar
(Principal)

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in

मिशन त्रिशूलः इधर बिहार में राहुल यात्रा निकालते रहे, उधर आरएसएस चुपके से अपना काम करता रहा

■ वोटर अधिकार यात्रा में उमड़ी भीड़ से महागठबंधन उत्साहित, उधर घर-घर घुस चुका आरएसएस

राकेश सिंह
संपादक

आजाद सिपाही खास

बिहार में आरएसएस के 16 हजार स्वयंसेवक एक्टिव, घूम रहे गांव-गांव, टोला-टोला

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देशभर से 10 हजार स्वयंसेवक बिहार में तैनात कर दिये हैं। ये सभी स्वयंसेवक पटना, मुजफ्फरपुर, सीवान, भागलपुर सहित सीमांचल और मगध के गांवों-शहरों में एक्टिव हैं। चाय की टपरी से लेकर गांव की चौपाल, मंदिरों से लेकर आम आदमी तक अपने विचारों को लेकर पहुंच रहा है आरएसएस। हर गांव में करीब 10 से 15 स्वयंसेवक ग्रास रूट लेवल पर काम कर रहे हैं। आरएसएस की इसी स्ट्रैटेजी से भाजपा ने पहले हरियाणा और फिर दिल्ली में सरकार बनायी थी। लेकिन झारखंड में उसे सफलता हासिल नहीं हो पायी थी, क्योंकि यहां आरएसएस से ज्यादा केंद्र से भेजे गये बड़े चेहरे हावी हो गये थे, जिन्होंने राज्य के बड़े चेहरों को शिथिल कर दिया था। लेकिन इस बार भाजपा ने झारखंड के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए अपनी रणनीति में सुधार किया है।

उत्तर और दक्षिण बिहार में साइलेंटली काम

आरएसएस ने बिहार को दो प्रांत उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार में बांटा है। उत्तर बिहार का काम मुजफ्फरपुर और दक्षिण बिहार का काम पटना से संचालित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बिहार में पिछले दो महीने से देशभर के 10 हजार स्वयंसेवकों ने डेरा डाल रखा है। राज्य में भी करीब छह हजार कार्यकर्ता हैं। कुल 16 हजार स्वयंसेवक इस वक्त जमीन पर एक्टिव हैं। आरएसएस का काम करने का अपना स्टाइल है। आरएसएस साइलेंटली काम करता है और रिजल्ट देने में भरोसा करता है। हर राज्य की जनता अलग है, मुद्दे भी अलग हैं, इसलिए रणनीति भी अलग होती है। आरएसएस सोशल मीडिया पर नहीं, जमीन पर उतरता है। स्वयंसेवक घर-घर पहुंचते हैं। लोगों का मन टटोलते हैं, उनसे जुड़ते हैं।

रूठों को मनाना, कन्फ्यूज मतदाताओं को बताना

आरएसएस की एक टीम घर-घर जाकर मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर चुकी हैं। ये टीमें उन वोटरों को मना रही हैं, जिसके मन में भाजपा या एनडीए के लिए थोड़ी भी दुविधा है। स्वयंसेवक कन्फ्यूज वोटर को बिहार के लिए सही पार्टी चुनने में मदद कर रहे हैं। वैसे आरएसएस के प्रांत प्रचारक इस बात का जिक्र करते हैं कि वे पार्टी का नाम लिये बगैर काम करते हैं, उसके प्रचारक कहते हैं कि जो राज्य और लोगों का विकास कर सके, उसे वोट दीजिये। फिलहाल आरएसएस की स्ट्रैटेजी के हिसाब से घर-घर जाकर लोगों की कैटेगरी के हिसाब से लिस्ट बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। ये लिस्ट तीन हिस्सों में बंटी है। पहली भाजपा के पक्के वोटर, दूसरी कन्फ्यूज वोटर और तीसरी रूठे वोटर। वहीं आरएसएस की दूसरी टीमों ने लिस्ट के मुताबिक लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। ये टीमें वोटरों को मुद्दे, उनके फायदे-नुकसान के बारे में बताती हैं।

किस पार्टी ने क्या वादा किया था, कितना पूरा किया, किस पार्टी ने बिहार को नुकसान पहुंचाया और किसने बेहतर काम किया। इन टीमों का काम कन्फ्यूज वोटरों के दिमाग में स्पष्टता लाना है। आरएसएस ने एक प्रयोग हरियाणा में किया था। एनडीए या भाजपा के नाराज वोटरों को मनाने के लिए कुछ वरिष्ठ स्वयंसेवकों की टीमें बनायी गयी थीं। इनका काम लोगों की शिकायतें सुनना था। वे उनसे मिलते, उनकी बातें सुनते थे। उन्हें गुस्सा उतारने देते थे। इसी रणनीति के हिसाब से बिहार में आरएसएस सक्रिय है।

महिला वोटरों पर फोकस, उनके लिए अलग स्ट्रैटजी

बिहार में महिला वोटर निर्णायक हैं। उनके लिए अलग से रणनीति बनी है। आरएसएस से जुड़े महिला संगठन ये काम को अंजाम दे रहे हैं। ये टीमें अलग-अलग उम्र की महिलाओं से मिल रही हैं। घरेलू और पेशेवर महिलाओं के लिए अलग टीमें हैं। आरएसएस ने एक सर्वे भी किया है। उसी के हिसाब से कैटेगरी बनायी गयी है। सर्वे को आधार मानते हुए साथ महिलाओं की लिस्ट तैयार की गयी है। उनके साथ टीमें बैठक कर रही हैं। महिलाओं से पूछा जा रहा है कि उनकी सीट पर कौन सा नेता बेहतर है। पूछा जा रहा है कि उनका नेता कैसा हो और उन्हें किसकी सरकार चाहिए। महिलाएं घर से लेकर बाहर तक हर चीज से प्रभावित होती हैं और करती भी हैं। घर का राशन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, सड़कों का माहौल, इनसे जुड़े ऐसे कुछ सवाल महिलाओं से पूछे जा रहे हैं।

फिर उनके जवाब पर मंथन किया जा रहा है। इससे कोई एक चेहरा या फिर उनकी पसंद की सरकार की इमेज निकल कर सामने आये। इसी के आधार पर प्रत्याशियों का भाग्य भी तय होता है कि टिकट मिले तो किसे मिले।

बिहार में आरएसएस की जड़ें बहुत गहरी हैं। यहां आरएसएस की शुरुआत से ही शाखाएं चल रही हैं। जब मार्च 2025 में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत बिहार आये थे, तो उन्होंने स्वयंसेवकों से बात की थी और मिशन त्रिशूल शुरू करने का ऐलान किया। मिशन त्रिशूल की रणनीति राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास पर आधारित है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आरएसएस ने अलग-अलग सीटों पर 50 हजार से ज्यादा बैठकें की थीं। इनके जरिये वोटरों को भाजपा के पक्ष में एकजुट किया गया। बिहार में भी इसी तरह काम हो रहा है।

गेम चेंजर है मोदी सरकार का जीएसटी रिफार्म

राकेश सिंह

■ आम आदमी अब जोड़-घटाव करने लगा है कि कहा कितना फायदा

■ ट्रंप के 50% टैरिफ वाली फुलझड़ी का जवाब भी है जीएसटी 2.0

■ देश को नवरात्र की सौगात के साथ महंगाई से भी राहत

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले की प्राचीर से वादा किया था कि वह जीएसटी का सरलीकरण करेंगे और महज 20 दिन में ही उन्होंने इसे पूरा कर अब तक का शायद सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक लगाया है। खुद पीएम मोदी ने जीएसटी काउंसिल के फैसले का स्वागत करते हुए अर्थव्यवस्था के लिए इसे मजबूत कदम बताया है। मोदी सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रियागत सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया था, जिसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। जीएसटी काउंसिल के फैसले से यह उद्देश्य हासिल हो गया है। इस फैसले के बाद देश में त्यौहार शुरू होने से पहले ही दिवाली जैसी रौनक है। इस रोशनी से आम आदमी का चेहरा भी चमक रहा है और शेयर बाजार में भी हरा रंग छाया हुआ है। जीएसटी से जुड़ी नयी खबर ने आम लोगों और निवेशकों दोनों को राहत दी है। जीएसटी काउंसिल के फैसलों का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। इन बदलावों को 22 सितंबर से लागू किया जायेगा। सरकार ने इस बार रोजमर्रा की कई जरूरी चीजों पर जीएसटी दरें घटा दी हैं। इसका फायदा दुकानों से सामान खरीदते समय आम लोगों को कम कीमत चुकाने के रूप में मिलेगा। सबसे बड़ी राहत खाने-पीने के सामान पर दी गयी है। ब्रेड, रोटी और छेना-पनीर पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसके अलावा 33 जरूरी दवाइयों के दाम कम कर दिये गये हैं, जिससे इलाज का खर्च भी घटेगा। जीवन बीमा पर भी पूरी तरह जीएसटी छूट दी गयी है, जिससे पॉलिसी खरीदना अब और सस्ता हो जायेगा। जीएसटी के इस सरलीकरण से मोदी सरकार ने विपक्ष के तमाम हथकंडों की एक झटके में हवा निकाल दी है। क्या है जीएसटी का यह सरलीकरण और इसका क्या होगा असर? **इसे आसान शब्दों में समझने की कोशिश करते हैं।**

अमेरिकी के टैरिफ वॉर का जवाब

अमेरिका के साथ तनाव के बीच भारत ने ये सुधार किये हैं। डोनाल्ड ट्रंप अपने बतुके टैरिफ को सही ठहराने पर अड़े हुए हैं। मामला अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाये गये 50% टैरिफ को सही ठहराया है। प्रशासन का कहना है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति लाने के लिए जरूरी हैं। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए कहा कि टैरिफ को हटाना अमेरिका के लिए आर्थिक तबाही ला सकता है। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25% टैरिफ व्यापार घाटे के कारण और 25% रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया है। अमेरिका की ओर से लगाये गये टैरिफ के नुकसान से नये अप्रत्यक्ष सुधार काफी हद तक भरपाई कर सकते हैं। 50% टैरिफ भारत के करीब 7 लाख करोड़ रुपये के व्यापार को प्रभावित करता है। 27 अगस्त से टैरिफ लागू होते ही पंजाब के इंडस्ट्रियल सेक्टर के ऑर्डर रुक गये। इससे इंडस्ट्री को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। इनमें कपड़ा, मशीन टूल्स, फास्टनर्स, ऑटो पार्ट्स, स्पोर्ट्स और लेदर, खेती उपकरणों की इंडस्ट्रीज शामिल हैं। वहीं 15 अगस्त को पीएम मोदी का ऐलान ट्रंप के टैरिफ को काउंटर करने का इशारा था। उन्होंने ट्रंप के टैरिफ का तोड़ जीएसटी कम करके निकाला। देश में जीएसटी कम करने से घरेलू मांग बढ़ेगी, जिससे खपत भी बढ़ेगी। यानी भारत सरकार टैरिफ से होने वाले नुकसान को घरेलू आमदनी से कवर करेगी। हालांकि जीएसटी कम होने से सीधा फायदा ग्राहकों को होगा। इससे इकोनॉमी में जो गैप आने का अनुमान था, वो कम हो सकता है। आरबीआइ की रेट कट्स, बजट में इनकम टैक्स में छूट और इन्फ्लेशन कम होने से ये खपत बढ़ेगी।

मोदी सरकार ने जीएसटी में सुधार कर न केवल देश में आर्थिक सुधारों का नया अध्याय लिखा है, बल्कि यह कदम राजनीतिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक कहा जा सकता है। ये सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनायेंगे और छोटे व्यापारियों के लिए व्यापार आसान करेंगे। जीएसटी काउंसिल ने मौजूदा 12 फीसदी और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को समाप्त कर केवल दो स्लैब पांच फीसदी और 18 फीसदी को लागू रखने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस कदम से कर ढांचे को सरल बनाने और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

अब सिर्फ दो प्रमुख स्लैब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने लंबे समय से चली आ रही कर प्रणाली की जटिलताओं को सरल बनाते हुए केवल दो प्रमुख स्लैब, 5 और 18 प्रतिशत लागू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही विशेष वस्तुओं के लिए एक विशेष स्लैब भी निर्धारित किया गया है। 12 और 28 प्रतिशत वाले स्लैब को खत्म कर देना कर प्रणाली को न केवल और सरल बनायेगा, बल्कि आम जनता और उद्योग जगत दोनों के लिए पारदर्शिता भी लायेगा। यह कदम मोदी सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें सुधार केवल आर्थिक संतुलन तक सीमित नहीं, बल्कि सीधे-सीधे आम लोगों की जेब तक पहुंचते हैं।

विकास की रणनीति

आर्थिक जानकार बताते हैं कि जीएसटी की सफलता के लिए कर प्रणाली को और आसान बनाना जरूरी था। इसलिए जीएसटी में सिर्फ दो टैक्स स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखे जाने चाहिए। विशेषज्ञों ने पहले ही इस बात पर जोर दिया था कि करों में नरमी राजस्व का त्याग नहीं, बल्कि विकास की रणनीति है। उनके अनुसारविकृतियों को कम करके भारत उपभोग बढ़ा सकता है, अनुपालन बढ़ा सकता है और समय के साथ भारी कर संग्रह कर सकता है। इससे विकसित अर्थव्यवस्था बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को बल मिलेगा। कुल मिलाकर जीएसटी में यह बड़ा सुधार मोदी सरकार के 'साधारण कर-सरल जीवन' के दृष्टिकोण को मजबूती देता है। इससे जहां जनता को रोजमर्रा के खर्चों में राहत मिलेगी, वहीं उद्योगों को स्थिर और पारदर्शी कर ढांचा मिलेगा।

राजनीतिक फायदा भी मिलेगा

अगर राजनीतिक फायदे की बात की जाए तो बिहार चुनाव नजदीक है। पश्चिम बंगाल भी कतार में है। ऐसे में जीएसटी जैसे फैसले से देश के हित के साथ ही चुनावी फायदा भी मिल सकता है। जीएसटी से सीधा फायदा मिडिल क्लास और लोअर-मिडिल क्लास को मिलेगा, जो भाजपा का बड़ा वोटर बेस है। दीवाली का फेस्टिव सीजन आने वाला है, सस्ती खरीदारी से सरकार की 'जन-हितैषी' की छवि बनेगी। लेकिन राजनीतिक से ज्यादा जीएसटी रिफार्म की मुख्य वजह ट्रंप का टैरिफ है। अगर यह फैसला अब भी नहीं लिया जाता, तो जीडीपी पर बहुत बुरा असर पड़ सकता था।

अब विस्थापन और पुनर्वास समस्या से छुटकारे का इंतजार

प्रशांत झा

■ हेमंत सोरेन एक-एक कदम बढ़ाते हुए वादा पूरा कर रहे

■ तीन अलग-अलग एकेडमी का भी किया गया गठन

■ राज्य की सांस्कृतिक, साहित्य और कला को दिशा मिलेगी

राज्य के लिए विस्थापन और पुनर्वास एक गंभीर समस्या है। यह नासूर झारखंड की अपनी जननी नहीं है। वर्ष 2000 में राज्य गठन के समय अभिशाप के रुप में झारखंड को यह समस्या मिली थी। हर सरकार में विस्थापन और पुनर्वास एक अहम मुद्दा रहा। हर सरकार ने इसे हल करने की दिशा में कदम उठाने का वादा किया। यह नहीं कह सकते कि पूर्व की सरकार ने इस दिशा में प्रयास नहीं किये। लेकिन सफलता नहीं मिली, तो प्रयास करने के तरीके और मंशा पर सवाल जरूर खड़े होते हैं। इसलिए यह यक्ष प्रश्न आज भी खड़ा है कि क्या विस्थापन और पुनर्वास की समस्या का निदान हो गया? जवाब हर कोई देगा, नहीं। जो दिख भी रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जब मौजूदा सरकार का गठन हुआ, तो विस्थापन और पुनर्वास की समस्या मुंह खोले खड़ी उन्हें मिली। राज्य की सड़कों से लेकर विधानसभा सदन तक मुद्दा उठता रहा। अगर आपको हेमंत सोरेन सरकार की पहली कैबिनेट बैठक याद हो, तो हेमंत की बातों को याद करें। उन्होंने वादा किया था कि विस्थापन और पुनर्वास की समस्या का हल निकाला जायेगा। इसके लिए कदम उठाये जा रहे हैं। हेमंत अपने वादे को भूले नहीं। तमाम झंझावतों के बीच धीरे-धीरे एक-एक कर अपने वादों को पूरा कर रहे हैं। बीते मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में उन्होंने झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग (गठन, कार्य, दायित्व) नियमावली 2025 को मंजूरी दी। हेमंत सोरेन हर समय, हर जगह, हर वकत्व्य में राज्य की संस्कृति, कला, साहित्य की महत्ता को बताते हैं। इन्हें बचाने और संजोने की बात करते हैं। उन्होंने यह भी साबित किया कि यह केवल उनके भाषण का अंश नहीं है। उनकी सरकार सचमुच राज्य की कला, संस्कृति, साहित्य आदि को संरक्षित करने और संवारने की मंशा रखती है। इसलिए कैबिनेट से इस से संबिंधत अलग-अलग एकेडमी का भी गठन किया। अब इन सभी को धरातल पर उतारने की बारी है। जनता को उम्मीद है कि विस्थापन और पुनर्वास आयोग हो या अलग-अलग एकडमी, जल्द ही इनके काम धरातल पर दिखने लगेंगे। क्योंकि हेमंत सरकार के बढ़ते एक-एक कदम में सफलता दिख रही है।

कला, संस्कृति और साहित्य को मिलेगी नयी दिशा

झारखंड की सांस्कृतिक, कला और साहित्यक धरोहर किसी से छिपी नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर इसका कई बार प्रदर्शन हो चुका है। राज्य को वाहवाही मिली है। इस धरोहर को आगे बढ़ाना और संरक्षित करना राज्य के लोगों का दायित्व है। यह दायित्व तभी पूरा हो सकता है, जब सरकार मददगार हो। सरकार की मंशा विरासत में मिली इन चीजों को संवारने की हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साबित कर दिया है कि वह इन चीजों को संवारने की बात केवल अपने भाषणों तक सीमित नहीं रखते हैं। उनकी सरकार कला, संस्कृति और साहित्य को सही मायने में संवारने की इच्छा रखती है। यह पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय से साफ हो गया है। हेमंत सरकार कैबिनेट ने झारखंड राज्य साहित्य एकेडमी, संगीत-नाट्य एकेडमी और ललित कला एकेडमी के गठन को मंजूरी दी। राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह की एकेडमी है। जिसका लाभ दिख रहा है। इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने-विचार आदान-प्रदान करने का मंच मिल रहा है। उन्हें आगे बढ़ने का मौक मिल रहा है। आयोग उन्हें मदद कर रहा है। राज्य स्तर पर झारखंड राज्य साहित्य एकेडमी, संगीत-नाट्य एकेडमी और ललित कला एकेडमी एकेडमी के गठन के बाद निश्चय ही इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण जगी है। आने वाले समय में ये एकेडमी क्रियाशील होंगे, तो लाभ भी धीरे-धीरे दिखने लगेगा।

1.57 लाख परिवारों को होगा लाभ

राज्य में विभिन्न कारणों से 1.57 लाख परिवार विस्थापित हैं। जो वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। हर दिन समस्या का सामना कर रहे हैं। इनमें एक उम्मीद जगी है। वहीं, इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता है कि कुछ आवश्यक कार्य जैसे, सड़क, अस्पताल, बांध, डैम आदि के लिए भविष्य में विस्थापन नहीं होगा। जब विकास के जरूरी काम होंगे तो विस्थापन भी होगा। मौजूदा समय में लोग जमीन देने से हिचकते हैं। विस्थापन, बेरोजगारी और जमीन छीनने का डर सताता है। नतीजतन योजनाओं को धरातल पर उतारने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब ये पूर्व में विस्थापित लोगों को देखेंगे कि उनकी समस्याओं का निदान हो गया है। उन्हें हर सुविधा मिल रही है। जमीन, रोजगार, जीवनयापन जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वो पूर्व की तरह या उससे अच्छा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। तो विरोध करने वालों की संख्या खुद कम होने लगेगी। लिहाज विस्थधापन आयोग का गठन और नियमावली का तैयार कर हेमंत सरकार ने पहली सीढ़ी सफलता से चढ़ ली है। अब विस्थापन और पुनर्वास आयोग के सही दिशा में क्रियाशील करना है। इसके बाद पूर्व के विस्थापितों की समस्याओं का निदान होगा, तो भविष्य में विस्थापन और पूनर्वास की समस्या भी खड़ी नहीं होगी।

विस्थपितों के हितों की रक्षा होगा

झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग (गठन, कार्य, दायित्व) नियमावली 2025 का उद्देश्य ही विस्थापितों के हितों की रक्षा करना और उनके पुनर्वास के लिए काम करना है। आयोग विस्थापित व्यक्तियों और परिवारों का सामाजिक और आर्थिक अध्ययन करेगा, सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों और समुदायों की पहचान करेगा, पुनर्वास के लिए सुझाव देगा, सरकारी संस्थाओं को आंकड़े उपलब्ध करायेगा, पुनर्वास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगा। नियमावली के तहत आयोग में एक अध्यक्ष होंगे। जिन्हें सामुदायिक विकास कार्यक्रमों और विस्थापन तथा पुनर्वास के क्षेत्र में 10 वर्षों का कार्य अनुभव रखना आवश्यक होगा। जो सदस्य होंगे, उनमें प्रशासनिक सेवा का रिटायर अधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर से कम का न हो, जिला जज स्तर के विधि विशेषज्ञ, एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय से तीन सदस्य और संबंधित क्षेत्र के उपायुक्त, जिला परिषद के अध्यक्ष, संबंधित प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष और पारंपरिक ग्राम प्रधान होंगे। आयोग काम सही तरीके से कर सके इसके लिए सरकार आयोग को समय-समय पर अनुदान के रूप में राशि उपलब्ध करायेगी। जिससे आयोग अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सके। सरकार पहली सीढ़ी चढ़ चुकी है, इसलिए लोग विस्थापन और पूनर्वास आयोग के गठन को लेकर प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। हर वर्ग और हर क्षेत्र से हेमंत सरकार को बधाई दी जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.6 °C	15.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.09 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.57 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in

नेहा महतो झारखंड ओलंपिक संघ की वरीय उपाध्यक्ष बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष एवं बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी (सिल्ली) की अध्यक्ष नेहा महतो को झारखंड ओलंपिक संघ का वरीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। झारखंड ओलंपिक संघ के सेक्रेटरी जनरल मधुकांत पाठक ने बताया कि अध्यक्ष आर के आनंद द्वारा नेहा महतो को वरीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पूर्व में 2015 में श्रीमती नेहा महतो के नेतृत्व में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी को खेल और बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के हाथों राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान अकादमी को खिलाड़ियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया था। मधुकांत पाठक ने नेहा महतो को पत्र लिख कर सूचित किया है कि झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद ने उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों, खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान और बाल कल्याण के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय भूमिका के लिए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पत्र में कहा गया है कि नेहा महतो ने झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों सहित पूरे राज्य में तीरंदाजी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। यह जानकारी केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान ने दी है।

जल्द जारी होंगे 15वें वित्त आयोग के अनुदान

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से गुरुवार नयी दिल्ली में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सचिव की मुलाकात हुई। बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग के अनुदान को शीघ्र स्वीकृत करने पर बल दिया गया। दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्राम पंचायतों को सशक्त कर ग्रामीण विकास को नयी दिशा देना है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि 15वें वित्त आयोग की अगली किस्त शीघ्र जारी की जाये, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे गांव-गांव तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अनुदान जारी होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आधारभूत संरचनाएं मजबूत होंगी। इस पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान आरजीएसए के अंतर्गत अतिरिक्त फंड सहायता, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 प्रशिक्षण, सैटेलाइट आधारित दूरस्थ शिक्षा सुविधा, ग्राम पंचायतों का सोलराइजेशन तथा यूनिफाइड पंचायत डिजिटलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव भी रखे गये। इस अवसर पर उनके साथ विभागीय सचिव मनोज कुमार, निदेशक (पंचायती राज, झारखंड) राजेश्वरी बी तथा भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक विपुल उज्जवल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

DELHI PUBLIC SCHOOL
SAIL Township, Dhurwa, Ranchi- 834004
Ph: 7673822220/21, Web: www.dpsranchi.com, E-mail:info@dpsranchi.com
Happy Teacher's Day 2025
A teacher's gentle guidance holds the eternal power to shape futures, ignite curiosity and spark dreams that light the path ahead. This Teachers' Day, we bow in reverence to the nation builders who empower generations to dream boundlessly, explore fearlessly and achieve gloriously.
Delhi Public School, Ranchi, salutes the relentless spirit of all educators and extends warm wishes on this special day.
Dr. Jaya Chauhan (Principal) & School Management

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech: Civil Engineering; Electrical and Electronic Eng.; Computer Science & Eng.; CSE (Artificial Intelligence); CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma: Civil Engineering; Mechanical Eng.; Electrical and Electronic Eng.; Computer Science & Eng.; Electrical Engineering
Faculty of Law: LL.B. B.A. LL.B. B.B.A. LL.B
Faculty of Management: Bachelor of Business Administration (BBA); Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.: Bachelor of Computer Application (BCA); Master of Computer Application (MCA); Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education: Bachelor of Elementary Education (B.Ed); Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.); M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science: B.A (Hindi); B.A (English); B.A (Sanskrit); B.A (Economics); B.A (Psychology); B.A (Sociology); M.A (Hindi); M.A (English); M.A (Sanskrit); M.A (Economics); M.A (Psychology); M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy: Diploma in Pharmacy (D.Pharm); Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science: Bachelor of Dental Surgery (BDS); Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy: Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS; M.D Homeopathy; B.Sc Medical Pathology; B.Sc Medical Biochemistry; B.Sc Medical Microbiology; M.Sc Medical Microbiology; M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science: Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing); General Nursing and Midwifery (GNM); Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical: OT; DMLT; ECG; X-RAY; Medical in Sanitary Inspector; Medical in Ophthalmic Assistant; Medical in Certificate in Dresser
Library Science: B.Lib.I.Sc. M.Lib.I.Sc
Faculty of Science: B.Sc. (Mathematics); B.Sc. (Chemistry); B.Sc. (Physics); B.Sc. (Botany); B.Sc. (MLT); B.Sc. (Zoology); B.Sc. (Pathology); B.Sc. (Biochemisty); B.Sc. (Microbiology); M.Sc. (Mathematics); M.Sc. (Chemistry); M.Sc. (Physics); M.Sc. (Botany); M.Sc. (Zoology); M.Sc. (Physiology); M.Sc. (Biochemisty); M.Sc. (MLT); M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce: B.Com M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

एसबीयू के आकाश बने गूगल स्टूडेंट एंबेसडर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे विवि के एमसीए, थर्ड सेमेस्टर के छात्र आकाश कुमार सिंह का चयन गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर के तौर पर किया गया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें गूगल ने सीमित समय सीमा के भीतर रु. 19,500 प्रति वर्ष वाले गूगल- वन एआई प्रो प्लान की सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को निःशुल्क उपलब्ध करवाने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस योजना में जेमिनी 2.5 प्रो, नोटबुक एलएम, इमैजेन 4, वियो 3, गूगल कैनवास, टू टीबी क्लाउड स्टोरेज जैसे अत्याधुनिक एआई टूल्स शामिल होंगे।

एसबीयू के छात्र के गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर के तौर पर चयन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान,महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

राम टहल चौधरी इन्टर महाविद्यालय
(GAVS (Regd.) Charitable Mission, Ranchi द्वारा संचालित)
पी0 एच0 ई0 डी0, बुटी, राँची - 834009
A Teacher Presents The Past, Reveals The Present, And Creates The Future.
HAPPY Teacher's Day
विकास कुमार
प्राचार्य
राम टहल चौधरी इन्टर महाविद्यालय
रांची

Nanhe kadam
Where NANHE KADAM... a play school
CHAIN OF PREMIUM PRE-SCHOOL
OUR BRANCHES:
1 COMING SOON
First week of October' 25 (Tentatively)
KANKE ROAD BRANCH
New Lake Avenue, Near Cambrian Public School Ranchi, Ph.: 9153971354
2 Line Tank Road, Behind Firayalal, Ranchi | Ph. : 7280045007
3 A-376, Ashok Nagar, Gate No. 6 (Nr. Argora Chowk) Ranchi, | Ph. : 7280045001
4 Near Milanee Club, Bijulia, Ramgarh Cantt, Ramgarh | Ph. : 9153971352
Every child is unique and special to us. We don't treat everyone in a same way. We deal every child in that way, as they need because a genuine child's plea is
Don't teach me the way you can, teach me the way I can.
Founder Director
Mrs. Vibha Singh
Happy Teachers Day

YBN UNIVERSITY
Established by the Jharkhand Act of 15. 2017 Gazette Notification No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956
Rajaulatu, Namkum, Ranchi-834010
APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act; Recognized under section 2 (f) of UGC Act.; NCTE App. by NCTE for Education Programme; App. by PCI New Delhi; App. by BCI for Law Programme; Indian Nursing Council; Approved by Jharkhand Paramedical Council; Member of AIU
"A LIFE OF JOY AND HAPPINESS IS POSSIBLE ONLY ON THE BASIS OF KNOWLEDGE AND SCIENCE."
HAPPY Teacher's DAY
Sri Ramjee Yadav
Chairman
Mob.: 97095 00400, 70612 61557
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com • Website : www.ybnu.ac.in

SARALA BIRLA UNIVERSITY
SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
अमृतं तु विद्या
Happy Teachers' Day
5 September 2025
गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।
info@sbpsranchi.com www.sbpsranchi.com

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

वृष चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

मिथुन आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

कर्क काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

सिंह आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

कन्या बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

तुला समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

वृश्चिक कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

धनु आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

मकर नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

कुंभ रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

मीन किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

हजारीबाग में महापुरुषों की प्रतिमाओं को बनाया जा रहा निशाना

सिदो- कान्हू के बाद अब नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

आदिवासी नेता विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि हजारीबाग में अब आदिवासियों को उकसाने की कोशिश हो रही है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं को खंडित करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पूर्व शहर के सिद्धू कान्हू चौक पर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा खंडित किये जाने के बाद अब नीलांबर-पीतांबर चौक स्थित 1857 क्रांति के वीर योद्धा नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गयी है। असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा का धनुष तोड़ दिया। जिसके बाद आदिवासी समाज में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का आरोप है कि यह सुनियोजित साजिश के तहत हो रहा है। जिसमें आदिवासी महापुरुषों को निशाना बनाया जा रहा है। आदिवासी नेता विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि हजारीबाग में अब आदिवासियों को उकसाने की कोशिश हो रही है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ बैजनाथ कामती, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, कोर्रा प्रभारी अजीत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।

हजारीबाग के अनुमंडल अधिकारी वैधनाथ कामति ने बताया कि प्रशासन इन घटनाओं को लेकर गंभीर है और हर एक पहलू पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर चौक पर स्थापित महान क्रांतिकारी नीलांबर-पीतांबर भोगता की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है। तत्काल ही जिला प्रशासन से बात कर पूरी जानकारी दी और इस घटना को गंभीरता से लेने को कहा। वहीं कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दोषियों को शीघ्र चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जीप चेयरमैन उमेश मेहता, समाजसेवी बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता बिनोद कुशवाहा, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी ने कहा कि हम अपने वीर शहीदों का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। घटना पर आदिवासी नेता महेंद्र बेक, रमेश हेंब्रम, विक्की धान समेत अन्य नेताओं ने घटना पर दुख जाहिर किया है।

बड़कागांव में अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

कांडतरी गांव निवासी 60 वर्षीय नेतल राम पिता स्वर्गीय धोतल भुइयां की मृत्यु रानी तालाब में डूबने से हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के दो गांव में अलग-अलग घटनाओं में एक महिला व एक पुरुष की मौत हो गयी। जिससे संबंधित गांव में करमा पूजा मातम में बदल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कांडतरी गांव निवासी 60 वर्षीय नेतल राम पिता स्वर्गीय धोतल भुइयां की मृत्यु रानी तालाब में डूबने से हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार बताया गया कि नेतल राम करमा पूजा को लेकर पूजन सामग्री लाने के लिए गया था इस बीच सोच को लेकर तालाब में गया, जहां फिसलने से डूब गया और डूबने से उसकी मृत्यु हो गयी।

वहीं दूसरी ओर करमा के रात्रि ही अहले सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच हरली गांव निवासी टिकेश्वर कुमार की पत्नी नेहा कुमारी (26) की अचानक मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकेश्वर कुमार हजारीबाग में किसी कंपनी के अधीन कार्य करता था जिसने पूजा को लेकर छुट्टी लेकर बुधवार शाम को घर पहुंचा तथा सभी परिवार मिलकर करम डाली पूजा में भाग लिया तथा देर रात पत्नी व दो बच्चों के साथ टिकेश्वर कुमार घर पहुंच कर सो गया। इस बीच सुबह-सुबह जब बच्चा रोने लगा तब टिकेश्वर कुमार जगा तो देखा कि मेरी पत्नी उठ नहीं रही है जिसकी सूचना अपने संबंधियों को दी गयी। जब तक इनके ससुराल वाले पहुंचे तब तक टिकेश्वर कुमार अपने बच्चों के साथ घर से फरार हो गया, बावजूद वह टेलीफोन से बात कर रहा था। जिससे मायके वालों को हत्या की आंशका होने लगी। घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंचकर उक्त महिला को भी पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उक्त महिला की मृत्यु का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही हो पायेगा होगा।

केरेडारी में सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल

मृतक की फाइल फोटो।

केरेडारी(आजाद सिपाही)। केरेडारी मुख्य सड़क पर रामजानकी मंदिर के समीप बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना बीती रात करीब 10:30 बजे की है, जब एक बुलेट बाइक तेज रफ्तार में आकर लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के मुताबिक मृतकों में बाइक चालक खपिया निवासी देवशरण साव का बेटा गोलू उर्फ दीपक कुमार और केरेडारी निवासी चोहन महतो की शादीशुदा बेटी आरती देवी शामिल हैं। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमें खपिया निवासी रविंद्र कुमार, चोहन महतो की पोती और चोहन महतो की समधन शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद आनन-फानन में लोगों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन आरती देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं बाइक चालक गोलू उर्फ दीपक ने इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में ही अंतिम सांस ली। हादसे के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अनियंत्रित होकर गिरा स्कूटी सवार, एक की मौत, एक घायल

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया थाना क्षेत्र के टाटीझरिया - बेडम मार्ग पर टाटी मोड़ में अनियंत्रित होकर स्कूटी संख्या जेएच 02 बी जे 6741 में सवार मुरूमातुगांव निवासी विनोदगंझु एवं नागेश्वर गंझु गिर कर घायल हो गये, जिसे स्थानीय लोगों एवं टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार की मदद से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया, जहां विनोद गंझु उम्र 28 वर्ष की मौत हो गयी और नागेश्वर गंझु 28 वर्ष का इलाज चल रहा है।

जीएसटी में सुधार से मध्यमवर्ग को बड़ी राहत मिलेगी : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने जीएसटी परिषद द्वारा लिये गये ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम देश के मध्यमवर्ग, किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों के लिए राहत लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में परिषद ने कर ढांचे को सरल बनाने की दिशा में बड़ा सुधार करते हुए अब केवल 5% और 18% जीएसटी स्लैब को बनाए रखने तथा 12% और 28% स्लैब को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

इस फैसले से रोजमर्रा की उपभोग वस्तुएं, किसानों के उपकरण, शिक्षा सामग्री, स्वास्थ्य सेवायें और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते हो जायेंगे। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह सुधार मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत देने के साथ-साथ महिलाओं, किसानों और लघु उद्यमियों के जीवन को भी सुगम बनायेगा।

उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के Ease of Living और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में एक ठोस पहल बताते हुए कहा कि यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देगा और विकसित भारत के लक्ष्य को और सशक्त बनायेगा।

मैगजीन हाउस के गार्ड की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव स्थित एक मैगजीन हाउस में गार्ड का काम करने वाले कैला दास (उम्र 65 वर्ष) की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मैगजीन हाउस की वैन को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार कैला दास कर्मा पूजा मनाने के बाद रात में मैगजीन हाउस ड्यूटी पर चला गया था। रात करीब 10 बजे मैगजीन हाउस के वैन का चालक श्याम कुमार वहां पंहुचा। उसने कैला दास को कई बार आवाज लगाई जब कोई आवाज नहीं आया तो उसने कैला दास का मोबाइल पर फोन किया लेकिन फोन कैला दास अपने घर पर ही छोड़ दिया था। सुबह होने के बाद जब कैला दास का बेटा मैगजीन हाउस पहुंचा, तो देखा कि उनके पिता की मौत हो चुकी है। परिवार का आरोप है श्याम कुमार ने गुस्से में आकर कैला दास की हत्या कर दी।

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम पहुंचे हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने गुरुवार को हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में चल रहे रेलवे कोचिंग कॉम्प्लेक्स और यार्ड निर्माण कार्य का जायजा लिया। डीआरएम ने अधिकारियों और संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब जब बरसात समाप्त हो रही है, तो कार्य की गति तेज की जाए ताकि यात्री सुविधाओं का लाभ शीघ्र जनता को मिल सके।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कहा कि स्टेशन का विकास चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। कोचिंग कॉम्प्लेक्स और यार्ड के निर्माण के बाद हजारीबाग से भी लंबी दूरी की ट्रेनें चलायी जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि कोडरमा से बरकाकाना तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। दोहरीकरण पूरा होने पर हजारीबाग रेल रूट पर ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी।

हजारीबाग के लोग लंबे समय से दिल्ली, कोलकाता और अन्य महानगरों के लिए सीधी ट्रेनों की मांग कर रहे हैं। इस पर डीआरएम मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यात्रियों की यह उम्मीद पूरी होगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, वैसे-वैसे ट्रेन सेवाओं में इजाफा होगा और हजारीबाग भी प्रमुख रेल नेटवर्क से सीधे जुड़ सकेगा।

डीआरएम के इस दौरे ने हजारीबाग के लोगों में नई उम्मीद जगाई है। अब देखना होगा कि कोचिंग कॉम्प्लेक्स, यार्ड और दोहरीकरण कार्य कितनी जल्दी पूरे होते हैं और कब हजारीबाग से देश के बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू हो पाती है।

हजारीबाग प्रेस क्लब के नव-निर्मित भवन का उद्घाटन आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग प्रेस क्लब के नव-निर्मित भवन का आज भव्य उद्घाटन होगा। यह दिन हजारीबाग एवं आसपास के क्षेत्र के पत्रकारों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 9:00 बजे पूजा अर्चना के साथ होगी। 11 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। दोपहर 12:30 बजे उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल फीता काटकर करेंगे। उनके साथ मंच पर हजारीबाग सदर विधायक, बरकट्ठा विधायक, बड़कागांव विधायक एवं बरही विधायक, मांडू विधायक के साथ जिले के पदाधिकारी, जीप चेयरमैन और हजारीबाग के समाजसेवी व राजनीतिक दल के नेता उपस्थित रहेंगे। यह अवसर पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक ऐतिहासिक संगम का साक्षी बनेगा। शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्धजन इस अवसर पर शामिल होंगे। क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह एवं सचिव विस्मय अलंकार ने संयुक्त रूप से कहा कि हजारीबाग प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज और उनके अधिकारों का प्रतीक रहा है। नये भवन का उद्घाटन पत्रकारिता जगत में एक नया अध्याय जोड़ने जैसा है।

सदर विधायक ने समर्थकों संग चाय पर की चर्चा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद टंडवा के चुन्दरु धाम में आयोजित गणेश महोत्सव में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि बड़कागांव मुख्य चौक पर एनडीए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उनको रोक और उनका स्वागत किया एवं चाय की चुस्कियों के साथ-साथ क्षेत्र के जन समस्याओं पर चर्चा किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बड़कागांव क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा विस्थापन का है जिसको लेकर यहां के विधायक रोशन लाल चौधरी ने पूरे ईमानदारी और निष्ठा के साथ सदन में आवाज उठाया उसी का देन है कि आज विस्थापन आयोग का गठन हुआ। मौके पर प्रमुख रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष का सांसद मंडल प्रतिनिधि रंजीत मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू जिला उपाध्यक्ष रवि राम,भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव, चेतलाल राम, बसंत कुमार प्रदीप उर्फ गिनी, सूरज राम, सूरज कुमार, रंजन राम, नरेंद्र राम, चंदन, राजेश सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना सम्मानित

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को गुरुवार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटेड ओपनकास्ट कोयला खान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पकरी बरवाडीह देश की सभी ओपनकास्ट कोयला खानों में प्रथम स्थान पर रही है। यह पुरस्कार कोयला एवं खनन मंत्री तथा राज्य मंत्री, कोयला एवं खनन मंत्रालय द्वारा मुंबई में प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार को एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने ग्राहण किया। उनके साथ परियोजना प्रमुख, पकरी-बरवाडीह, सुब्रत कुमार दाश तथा खान एजेंट, चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। यह सम्मान परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन, सतत खनन प्रथाओं और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। नवाचार, संचालन उत्कृष्टता और सतत विकास पर अटूट ध्यान के माध्यम से पकरी-बरवाडीह परियोजना ने भारत में विश्वस्तरीय खनन की एक मिसाल कायम की है।

एसपी ने डीजीपी को रिपोर्ट भेज एसआइ संदीप मंडल को हटाने की अनुशंसा की

हजारीबाग। हजारीबाग एसपी ने जिला में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार मंडल को जिला से हटाने की अनुशंसा डीजीपी से की है। मामले में एसपी द्वारा सब इंस्पेक्टर के कारनामे को लेकर डीजीपी को रिपोर्ट भी भेजी गयी है। एसपी की रिपोर्ट के अनुसार, संदीप कुमार ने फरवरी 2024 में हजारीबाग जिला में योगदान दिया था। वह 22 फरवरी 2024 से लेकर फरवरी 2025 तक लोहसिंघना थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित थे। इनके कार्यकाल के दौरान दो महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाएं हुई थी। दो दिसंबर 2024 को नूरा क्लब सरस्वती अपार्टमेंट के पास अपराधियों ने उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। लेकिन केस के अनुसंधानक और तत्कालीन लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार ने संतोष कुमार के खिलाफ निश्चित अवधि में न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित नहीं किया। जिसके कारण आरोपी को न्यायालय से जमानत मिल गयी। इस केस में लापरवाही बरतने के आरोप में संदीप कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की गयी। वहीं दूसरी ओर जानलेवा सहित अन्य मामले को लेकर राजू कुमार गुप्ता की शिकायत पर दर्ज एक केस में अशोक कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इस केस के अनुसंधानकर्ता भी संदीप कुमार थे। लेकिन इस केस में संदीप कुमार ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोपत्र समर्पित नहीं किया। इस केस में संदीप कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया था। लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया था। जिसके बाद उन्हें पुनः निलंबित किया गया। उपरोक्त दोनों मामलों से स्पष्ट है कि संदीप कुमार ने अपने कार्यों के प्रति घोर लापरवाही बरती है। वरीय पदाधिकारी के दिये आदेश का उल्लंघन किया। इसलिए संदीप कुमार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से हजारीबाग जिला बल से हटाने की अनुशंसा की गयी है।

भारत ज्ञान विज्ञान समिति कोडरमा का वार्षिक जिला सम्मेलन संपन्न

राम रतन अवध्या जिला अध्यक्ष व अनिल पासवान जिला सचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। भारत ज्ञान विज्ञान समिति कोडरमा द्वारा गुरुवार को आयोजित 9वां वार्षिक जिला सम्मेलन एमआर ग्लोबल स्कूल, चाराडीह परिसर में सम्पन्न हो गया। यह सम्मेलन जिले के सामाजिक, शैक्षिक और वैज्ञानिक चेतना को नई दिशा देने वाला साबित हुआ। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों मरकच्चो, जयनगर, डोमचांच, कोडरमा और चंदवारा से सैकड़ों की संख्या में सदस्य, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसकी शुरूआत दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। जिला सचिव जयप्रकाश यादव ने प्रखंड सचिवों राजेंद्र कुमार, राजेश पासवान, चन्द्रदेव साव आदि के सहयोग से समिति का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्य कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी असीम सरकार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान समिति हमेशा से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में जन-जागरण का काम करती रही है। यह सम्मेलन न केवल संगठन की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि जिले में समाज परिवर्तन की दिशा में उठाया गया ठोस कदम भी है। श्री सरकार ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को विज्ञान, शिक्षा और भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है।

श्री अवध्या ने आगे कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे मजबूत साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति आने वाले दिनों में प्रत्येक प्रखंड में विज्ञान प्रदर्शनी, बाल मेलों और सामाजिक जागरूकता अभियानों का आयोजन करेगी।

लंपी वायरस फैलने से पशुपालक हो रहे परेशान

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड गुरुवार आधा दर्जन से अधिक गांव में लंपी बीमारी का वायरस तेजी से फैल रही है। इस बीमारी से अब तक के कई पशु इसके चपेट में आ गये हैं। क्षेत्र में कई गायों के बछड़ा की मौत हो गई है। ताजा मामला में ग्राम नासरगंज में देवेंद्र पांडेय का बछड़ा की मौत गुरुवार की सुबह में हो गईं। पशुपालक बता रहे हैं कि इस बीमारी से पशुओं के शरीर पर फफुंदे उगते हैं, एवं शरीर पर दरारें पड़ कर चकता चकता उखड़ जाती है। जिससे पशु चारा खाना बंद कर देती है, दुधारू पशु का दूध सूख जाता है, गाभिन पशुओं का गर्भ नष्ट हो जाता है एवं बछड़ा की मौत हो जाती है। पशुपालक बता रहे हैं कि लम्बे समय से लंपी बीमारी का वायरस का टीकाकरण नहीं होने से पशुओं पर इसका असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर बीमारी से किसान बेहाल एवं उनके आय पर असर पड़ रहा है।

चैंबर ने जीएसटी सुधार का किया स्वागत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जीएसटी की पिछली बैठक में टैक्स स्लैब को 28% और 12% हटाए जाने का चैंबर ने स्वागत किया है। कहा कि देश के नागरिकों की यह मांग थी, जीएसटी सुधार के तहत चिकित्सा और औषधि सहित 33 जीवन रक्षक दवा पर टैक्स की दर जीरो कर दी गयी है। कुछ दवा पर 12% से घटकर 5% कर दिया गया है। जनहित में यह बहुत ही सार्थक कदम भारत सरकार के द्वारा उठाया गया है। जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार उपभोक्ताओं को राहत एवं छोटे व्यापारियों को ताकत और अर्थव्यवस्था में गति देगा। फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल एवं सचिव राकेश ठाकुर सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। कहा कि मोदी सरकार को धन्यवाद देता हूं, साथ ही आशा करता हूं कि आने वाले दिनों में इसमें और व्यापक सुधार होगा।

घंघरी जयनगर की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

विजेता टीम को ट्राफी देते नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और उपस्थित अन्य।

बरकट्ठा। बरकट्ठा दक्षिणी स्थित अडवार स्टेडियम में स्वतंत्र नवयुवक संघ के द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबला में फुटबॉल टीम धोबारी बरकट्ठा बनाम फुटबॉल टीम घंघरी जयनगर कोडरमा के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए घंघरी जयनगर टीम ने एक गोल से जीत दर्ज किया।

मुख्य अतिथि कार्यक्रम के झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधानसभा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विजेता टीम को मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर पल्स और उपविजेता टीम को मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स की चाभी दिया गया। मैन ऑफ द मैच धोबारी टीम के गोलकीपर को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज सूरज सिंह को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। अमित कुमार यादव ने कहा कि फुटबॉल मैच से शारीरिक मानसिक विकास होता है। बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल मैच में फाइनल मैच खेलने वाले दोनों टीम बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से आती हैं। मेरे विधानसभा क्षेत्र के युवा राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर खेलें मुझसे जो भी मदद हो मैं हमेशा तैयार रहूंगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फुटबॉल मैच में दोनों टीमों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है।

मौके पर प्रमुख रेणु देवी उपप्रमुख सुरजी देवी सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, गिरीडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव भोला प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि त्रिवेणी यादव,रीतलाल प्रसाद, संजय ठाकुर उमेश यादव, त्रिवेणी यादव, टुकलाल नायक, शंकर मोदी, रामजी बेसरा, रवि कुमार, छोटीलाल मेहता, उतिम महतो, उपेंद्र यादव, सिकेंद्र यादव, विजय यादव पंकज यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

जिला महासचिव ने विस्थापन आयोग के गठन के लिए सीएम को बधाई दिया

केरेडारी(आजाद सिपाही)। जिला मुखिया संघ व जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव महेश प्रसाद साव ने राज्य विस्थापन आयोग का गठन करने लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनकी सरकार को बधाई दिया है। बधाई देते हुए कांग्रेस नेता महेश प्रसाद साव ने कहा कि आयोग के गठन होने से राज्य भर में विभिन्न कंपनियों से अलग अलग जगहों में विस्थापित होने वाले भू रेयतों को उनका उचित हक मिल सकेगा व राज्य सरकार का यह एक सकारात्मक कदम है जिसका सीधा लाभ भू रेयतों को मिल पायेगा। राज्य सरकार को इसमें संसोधन कर के इसे जल्द से जल्द लागू करना चाहिए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने रंधीर गुप्ता

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंधीर गुप्ता को बनाये जाने के बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की शाम शहर के ब्लॉक स्थित चेकनाका के समीप गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला महासचिव संजय साव, नगर अध्यक्ष बलराम साव, संजीव खंडेलवाल, दानिश कुरैसी, अनिल मुंडा, गगन करमाली, पिंटू नायक, जे होरा, जे के अग्रवाल, सूरज पासवान सहित कई कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ रंधीर गुप्ता का माल्यार्पण व फूलों का गुच्छा देकर स्वागत किया। वहीं रंधीर गुप्ता ने कहा कि वे पिछड़ी जाति के लोगों के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत होकर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। साथ ही समाजिक विकास में भी सहभागिता निभायेंगे। ओबीसी मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होंने प्रदेश के पदाधिकारियों के प्रति आभार भी जताया।

अज्ञात शव की पहचान को लेकर लोगों से अपील

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने गत 9 माह पूर्व मिले अज्ञात शव की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आम लोगों से अपील की है। कहा है कि विगत 10 दिसंबर 2024 को ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिरसा चौक के समीप से कुजू पुलिस ने एक शव बरामद किया था। जिसका उम्र करीब 35 वर्ष, रंग सांवला एवं लम्बाई करीब 5 फीट 5 इंच है। 9 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक उक्त शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव की पहचान सुनिश्चित करने हेतु ओपी प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से शव संबंधित किसी तरह की सूचना दूरभाष संख्या 6205271895 और 8580133365 पर देने की बात कही है।

सैनिकों को इमरजेंसी चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए लगाये भीष्म क्यूब्स

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सैनिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा देने के लिए पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में बेहद अत्याधुनिक सुविधा बहाल की गयी है। भीष्म क्यूब्स की स्थापना कर सैनिकों को इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध कराने और अन्य चिकित्सीय सुविधा देने का इंतजाम किया गया है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में दो अत्याधुनिक भिष्म क्यूब्स स्थापित किये गये। जो कि बहुत अल्प समय में गंभीर देखभाल उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किये गये हैं। यह पहल महानिदेशक (इन्फेंट्री) और आइसीआइसीआइ फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों द्वारा संभव हुआ।

'गोल्डन ऑवर' में मिलेगी इलाज की सुविधा: आसानी से स्थापित किये जाने योग्य प्रत्येक भिष्म क्यूब जीवन-रक्षक दवाइयों और आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित है। ताकि आपात स्थित में तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके। इसकी सबसे बड़ी शक्ति 'गोल्डन ऑवर' यानी संकट की घड़ी में प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने की क्षमता है।

सैनिकों को चार दिनों तक दिया प्रशिक्षण

सभी सैनिकों द्वारा सही उपयोग और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, ग्रीनजीनोम इंडिया प्रा. लि द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण कैप्सूल आयोजित किया गया। 1 से 4 सितम्बर तक यह प्रशिक्षण पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक जवान आत्मविश्वास के साथ इस सुविधा को संचालित कर सके और फील्ड में तुरंत चिकित्सा सहायता पहुंच सकें।

चिकित्सकों की मौजूदगी में हुआ प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में सिविल डाक्टरों ने भी भाग लिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जरुरत पड़ने पर यह अत्याधुनिक उपकरण आसानी से सिविल चिकित्सा मशीनरी के साथ एकीकृत हो सके। इस पहल के साथ, भारतीय सेना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह तकनीक और करुणा को जोड़ने में अग्रिणी है। सेना अपने सैनिकों के जीवन की सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर समय पर सहायता पहुंचाने के संकल्प को मजबूती से दोहराती है।

RAM LAKHAN SINGH YADAV COLLEGE
A Constituent unit of Ranchi University, Ranchi &
NAAC Accredited Institute
H.B. ROAD, KOKAR, RANCHI



Everyone who remembers his own education remembers teachers, not methods & techniques. The teacher is the heart of the educational system.
-Sidney Hook

Happy Teachers Day

Prof. (Dr.) Vishnu Charan Mahto
Professor-in-charge

Courses Offered-
Under Graduate, Post Graduate & Vocational Courses (RU)
● ARTS | ● SCIENCE | ● COMMERCE

SACHIDANAND GYAN BHARTI MODEL SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
108, Kusai, Doranda, Ranchi-834002
Contact : Ph : 9334714607, 8102997994
E-mail : sachidanandgyanbharti@gmail.com • Website : sachidanandgyanbhartiranchi.com



करम अखड़ा में शामिल हुई विधायक, की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के विभिन्न करम अखड़ा में विधायक ममता देवी ने शामिल होकर क्षेत्रवासियों के साथ करम परब की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने करम गोसाई की पूजा-अर्चना की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि करम परब हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, सामाजिक एकता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। विधायक ने कहा कि करम परब सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने और समाज में भाईचारे को बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैं कामना करती हूं कि करम गोसाई की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहे। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण कलाकारों को करम नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ,पंकज तिवारी, बलराम साहु, रंधीर गुप्ता, संजय साव, अनिल मुंडा, गगन करमाली, गोपाल मुंडा आदि उपस्थित थे।

पत्थर माइंस में डूबने से युवक की मौत

भदानीनगर (आजाद सिपाही)। भदानीनगर ग्राम पाली स्थित पत्थर माइंस में डूबने से एक युवक की मौत हो गई, जानकारी अनुसार बिरजू बेदिया उम्र 30 वर्ष पिता कलसू बेदिया जो कल दोपहर से लापता था जिसे लेकर परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा था, जिसके बाद गुरुवार सुबह पत्थर माइंस के पास उसका एक कपड़ा मिला जिसके बाद ग्रामीणों को अंदेशा हो गया कि बिरजू बेदिया पत्थर माइंस के पोखर में ही डूबा हुआ है, और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग रस्सी झगर के माध्यम से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। जिसके बाद सैंकड़ों की संख्या में भीड़ जुट गई और ग्रामीणों द्वारा शव को उक्त स्थल पर रखकर मुआवजा राशि को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, और माइंस के पूर्व व वर्तमान संचालक घटनास्थल पर मौजूद थे। लेकिन संचालक और ग्रामीणों के बीच वार्ता सफल नहीं हो सका। खबर लिखे जाने तक संध्या छह बजे तक माइंस संचालक से वार्ता नहीं होने के कारण परिजन शव के साथ घटना स्थल पर डटे है।

गोला में हर्षोल्लास के साथ करमा संपन्न

गोला (आजाद सिपाही)। गोला में करमा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बुधवार देर रात को करमा डाल की पूजा की गयी। तत्पश्चात गांव के पहान द्वारा करमा धरमा का कहानी सुनाया गया। इस दौरान करमईतिन अखरा में परंपरागत वस्त्र धारण किये हुए थे। वहीं मांदर और नगाड़े के थाप पर करमा पर्व का लोकगीत रात भर चलता रहा। क्षेत्र के चोकाद, सोसो कलां, मगनपुर, हेमतपुर, बेटूलखुर्द आदि गांव के अखरा में करमा पूजा की गयी। इस अवसर पर पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा ने कहा कि यह पर्व भाई-बहनों के प्यार का प्रतीक है।

BITT POLYTECHNIC
BIRSA INSTITUTE OF TECHNOLOGY
Approved by AICTE, New Delhi; Affiliated to Jharkhand University of Technology, Ranchi; Recognised by DHTE, Govt. of Jharkhand

गुरू ब्रह्मा, गुरूविष्णु: गुरू देवो महेश्वर:।
गुरू: साक्षात् परम ब्रह्मा तस्मै श्री गुरूवे नम:।।

शिक्षक दिवस
के मौके पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं

POLYTECHNIC
ME | CE | EE | ECE | CSE | AIML | CCBD | CE & IOT | CSIS
We offer Diploma in Engineering in Electronics & Comm. | Civil | Electrical | Mechanical | Computer Sc. | Computer Engg. & Internet of Things | AI & Machine Learning | Cloud Computing & Big Data | Cyber System & Information Security
ELIGIBILITY: For 3 Years: 10th (Matric) / JCECEB / BPEET For 2 Years (Lateral Entry): 12th (PCM) / ITI / 10+2 Voc. / JCECEB / BPEET

UNDER-GRADUATE PROGRAMME
BBA | BCA
ELIGIBILITY: 12th pass (any stream) minimum 50% marks. for BCA 12th (with Mathematics), minimum 50% marks. 2nd year lateral entry is also available

WORK INTEGRATED LEARNING PROGRAMME
ME | CE | CSE
For Working Professionals
ELIGIBILITY: 12th with PCM or hold an ITI qualification with at least 1 year of relevant work experience.

ADMISSION 2025
Registration forms are available at our campus or candidates can also apply online at http://bittpolytechnic.com/Form/apply-now/
9470193642 9403890719 9931080111
For a free career counselling session / Admission counsellor WhatsApp No. 9931080111

1025+ Students Placed in 2025 Batch
सबसे ज्यादा प्लेसमेंट देने वाला संस्थान 100% अब सपना बनेगा हकीकत PLACEMENT OFFERS

YOUR FUTURE BEGINS AT BITT POLYTECHNIC
India's Top Ranked Polytechnic Engineering Institute: Excellence in Academics & Placements
Merit-based Scholarships for SC, ST, OBC, Girls, General category, and low-Income students
Apply Now and Kick Start an Industry-ready training and career-focused skill development
AVAIL INTEREST FREE EDUCATION LOAN NO COST EASY EMI
PLACEMENT PARTNERS
ACADEMIC COLLABORATIVE ALLIANCES
BITT-P: BITT-DEVI DARSHAN CAMPUS, GETLATU, RANCHI-835217, JHARKHAND (INDIA), PH.: 0651 2273067
bittpolytechnic.com | bittgroup.in | /bittpolytechnic | /bitt.goi | /rksvss | /bittpolytechnic1 | /BittGroup | /rksvss
SCAN TO APPLY





कुडू में जमीन विवाद को लेकर तनाव

कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के टाटी पंचायत अंतर्गत दोबा बरटोली गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार खाता संख्या 103, प्लॉट संख्या 1403, 1404 और 1405 की जमीन को लेकर पिछले पांच वर्षों से विवाद चल रहा है। इस जमीन की लगान रशीद स्थानीय निवासी आजाद अंसारी के नाम पर कटती है, जबकि गांव के आदिवासी समाज का आरोप है कि आजाद अंसारी ने गलत ढंग से बंदोबस्ती कराकर जमीन पर कब्जा जमाया है। आदिवासी समाज का कहना है कि उक्त स्थल पर वे वर्षों से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। बताते चलें कि प्रतिवर्ष इसको लेकर कहासुनी होती रही है। और फिलहाल न्यायालय में है। मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में भी प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों के लोगों को समझाइश की गई थी और किसी प्रकार का कोई विवाद न हो इसको लेकर मौके पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती भी हुई थी। इसी बीच बुधवार को कर्म डाली काटकर लौट रहा एक पक्ष के लोग विवादित स्थल पर पहुंचे और इमली वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना करने लगे। इसी दौरान आजाद अंसारी के परिवार के सदस्य वहां पहुंचे और रोक टोक करने लगे। देखते ही देखते विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनों पक्षों के बीच नोक झोंक के बाद हाथापायी शुरू हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही कुडू सीओ संतोष उरांव और थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को शांत कराया और विवाद को नियंत्रित किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल प्रशासन सभी पहलुओं पर नजर बनाये हुए है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है।

लगातार तीसरी बार दीपक सर्राफ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक श्री राणी सती मंडल के अध्यक्ष के आवासीय परिसर पर सम्मेलन के संरक्षक सह पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया के अध्यक्षता में संपन्न हुई। नये सत्र 2025-27 के चुनाव में सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार दीपक सर्राफ (ढब्बू) को पुनः अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। वही उपाध्यक्ष रामप्रकाश मोदी, महामंत्री शुभम शर्मा, कोषाध्यक्ष निशांत सर्राफ, संयुक्त मंत्री मनीष राजगढ़िया को बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि हमें जिला मारवाड़ी सम्मेलन का लगातार तीसरी बार यह जिम्मेवारी सौंपी गयी है और हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि लोहरदगा के अपने समाज का नाम सामाजिक कार्य में सबसे अव्वल रहे और समाज को एक सूत्र में बांधकर चलने का हमारा यथा प्रयास रहेगा। बीते सत्र पर कुछ खामियां रह गई थी उसे भी दूर की जाएगी। संरक्षक शिवप्रसाद राजगढ़िया ने कहा कि दीपक सर्राफ हरेक सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहा करते हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है और कहा की अपना समाज सशक्त है और सभी कार्य क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के रांची प्रमंडलीय उपाध्यक्ष सुभाष पटवारी, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया एवं संजय सर्राफ ने सभी पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल्द ही प्रांतीय कमेटी लोहरदगा में पहुंच कर निर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण कराते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा भी करेंगे। बैठक में शिवप्रसाद राजगढ़िया,दीपक सर्राफ,किशोर बंका, राम प्रकाश मोदी, अवधेश मित्तल,निशांत सर्राफ, कन्हैया राजगढ़िया,निखिल सर्राफ, संदीप पोद्दार, अमर पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, आशीष पोद्दार, अभिषेक बंका, मयंक मोदी, शुभम शर्मा, सत्यम सर्राफ, अतुल कुमार आदि उपस्थित थे।

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। ईद मिलादुन्नबी को लेकर घोषित अवकाश को देखते हुए शिक्षक दिवस का कार्यक्रम प्रखंड के कई शैक्षणिक संस्थानों में गुरुवार को मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही स्कूल के शिक्षक और शिक्षा कर्मियों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस, मटका फोड़ सहित कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये गये। बच्चों ने स्कूल के निदेशक डॉ पवन कुमार और प्रिंसिपल शांतनु डे के साथ मिलकर केक काटा और सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के सबसे बड़े सेवक होते हैं। वे अपना पूरा जीवन छात्रों के भविष्य निर्माण में लगा देते हैं। किसी शिक्षक की असली सफलता तभी है जब उनके छात्र-छात्राएं अच्छे संस्कारों के साथ जीवन में सुख और सफलता प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि ह्लआज बच्चों की पढ़ाई में सबसे बड़ी समस्या मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल है। अगर अभिभावक और शिक्षक समय रहते उन्हें नहीं रोक पाए, तो बच्चों का सफल होना कठिन हो जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सहायक प्रिया डे, फिरोज अहमद, राहुल सरकार, शिवांगी मेहरा, उपासना सिन्हा, नेहा, रानी सोनी, समेत स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

अपर लोक अभियोजक को दी विदाई

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार में जिला अभियोजन कार्यालय में पदस्थापित अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार लकड़ा का उनके स्थानांतरण के बाद विदाई दी गयी। श्री लकड़ा का स्थानातरण खूंटी हो गया है। इससे पहले श्री लकड़ा ने नव पदस्थापित अपर लोक अभियोजक शिव शंकर राम को अपना पदभार सौंपा। इस मौके पर बोलते हुए लोक अभियोजक ओम कुमार ने श्री लकड़ा के व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होने कहा कि श्री लकड़ा बहुत ही सौम्य व मृदुभाषी पदाधिकारी रहे हैं। वे उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। सहायक लोक अभियोजक आरएन चौरसिया ने भी श्री लकड़ा के कार्यो की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण व सेवानिवृति एक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी सरकारी सेवक को गुजरना पड़ता है। उन्होने कहा कि श्री लकड़ा ने अपने अल्प अवधि के कार्यकाल में अपनी एक अलग पहचान छोड़ी है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने श्री लकड़ा के स्वभाव की सराहना की। कार्यक्रम में लोक अभियोजक श्री कुमार व अन्य अधिकारियों ने श्री लकड़ा को उपहार एवं शॉल भेंट किया। इस मौके पर एएसआई अरविंद कुमार व कार्यालय कर्मी शंकर उरांव आदि मौजूद थे।

पीटीआर के जंगल से तीन लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

आदर्श कुमार चंचल

बरवाडीह/ गारु। पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वन विभाग को गुरुवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। डीएफओ कुमार आशीष के निर्देश पर गारू पूर्वी वन क्षेत्र की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान विभाग ने तीन कुख्यात लकड़ी तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान उदय सिंह (ग्राम-राजहारा), बाबूलाल सिंह (ग्राम-धावाडीह) और सीकेश कुमार सिंह (ग्राम-राजडेरवा) के रूप में हुई है। ये सभी प्रतिबंधित गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में घुसकर साल (बीया) की कीमती लकड़ी की कटाई कर रहे थे। लंबे समय से इन पर विभाग की नजर थी। बताया जा रहा है कि ये तस्कर कई बार रात के अंधेरे में चोरी-छिपे जंगलों में घुसकर पेड़ों की अवैध कटाई कर चुके थे और स्थानीय स्तर पर लकड़ी की तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे। छापेमारी के दौरान वन विभाग की टीम ने मौके से इलेक्ट्रॉनिक लकड़ी काटने की मशीन, कुल्हाड़ी, टॉर्च, मोटरसाइकिल और साल की लकड़ी के छह बड़े टुकड़े बरामद किए। जब्त सामान से साफ है कि ये तस्कर बड़े पैमाने पर कटाई की योजना बना रहे थे।वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश दुबे ने बताया कि गिरफ्तार तीनों तस्कर लंबे समय से जंगल की संपदा को नुकसान पहुंचा रहे थे। उनके खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें लातेहार जेल भेज दिया गया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पीटीआर की प्राकृतिक संपदा राज्य और देश की धरोहर है, इसलिए अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी अपील की कि ग्रामीण और स्थानीय लोग तस्करों की जानकारी विभाग को दें ताकि जंगलों को बचाया जा सके।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व रेंजर उमेश दुबे ने किया। इसमें प्रभारी वनपाल पंकज कुमार पाठक, अमृत कुमार, रूपेश कुमार, वनरक्षक मंजू कुमारी, विशाल कुमार सिंह और विपिन कुमार समेत कई वनकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभायी। टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना स्थानीय स्तर पर भी की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएं तो जंगल की अवैध कटाई और तस्करी पर रोक लगाई जा सकती है। पीटीआर प्रबंधन ने भी साफ किया है कि किसी भी कीमत पर अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

अस्पताल से एंबुलेंस नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की

> ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार सदर अस्पताल गेट के समीप अस्पताल से एम्बुलेंस नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सदर अस्पताल के सामने एनएच सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। जिससे सड़क की दोनों ओर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। इसकी सूचना सदर प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो को मिली तो उन्होंने दल बल के साथ मौके पर पहुंच प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाया तब जाकर ग्रामीणों ने नगर पंचायत कार्यालय का रुख किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब दस मिनट के बाद आवागमन शुरू कराया गया। यहां बताते चले कि समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण बुधवार की शाम हादसे में मृत व्यक्ति का शव ग्रामीणों को खुद ही ले जाना पड़ा था। इस के बाद घटना से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने शव के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल की बदहाली, एंबुलेंस सेवा की लचर व्यवस्था और नगर पंचायत की लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की गयी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जायेगा। इधर प्रभारी थानेदार सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि मेरे समक्ष एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया था। इसके बावजूद ग्रामीणों द्वारा शव को लेकर पैदल चले गये थे। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने बताया कि पीड़ित परिजनों को नप की ओर से तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता दी गयी है। आगे और भी मदद पीड़ित परिजनों को किया जायेगा और मृतक के बड़े लड़के को नप कार्यलय में नौकरी भी दी जायेगी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों शांत हुए और अपना प्रदर्शन वापस ले लिया।

बरवाडीह रेलवे क्लब के मुख्य सड़क के मरम्मती की मांग

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पिछले दिनों हुए लगातार मूसलाधार वर्षा के कारण बरवाडीह रेलवे क्लब का मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है। बता दे कि धनबाद डिविजन में बरवाडीह रेलवे क्लब का एक अलग पहचान है इसके साथ क्लब मे सबसे भव्य और आकर्षक दुर्गा पूजा होता है। जहां दुर्गा पूजा के सप्तमी, अष्टमी, नवमी एवं दशमी को हजारों की संख्या में लोग रेलवे क्लब में घूमने पहुंचते है। वहीं रेलवे क्लब जाने का मुख्य सड़क इस तरह से जर्जर होना रेल अधिकारियों के लिए शर्मनाक की बात है। वहीं रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के निरंजन कुमार सिंह, बसंत पाल, काजमी अनवर, समेत अन्य सदस्यों ने कहा कि पूजा से पहले अगर सड़क का मरम्मती नहीं होता है तो पूजा में होने वाली भीड़ में लोगों का चलना घूमना मुश्किल हो जायेगा। समिति ने जल्द जर्जर सड़क का मरम्मती करवाने का मांग की है।

तस्करी के लिए ले जा रहे 19 मवेशी जब्त

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के सरईडीह-पोखरी मार्ग से बीते मंगलवार की देर शाम तस्करी के लिए ले जा रहे 19 पशुओं को केचकी मुखिया बुद्धेश्वर सिंह की सूचना पर जब्त करने में बरवाडीह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इसबारे में थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि केचकी मुखिया बुद्धेश्वर ने उन्हें मोबाइल पर कुछ पेशेवर पशु-तस्करों द्वारा सरइडीह-केचकी मार्ग पर अवैध रूप से करीब एक सौ की संख्या में पशुओं को ले जाने की सूचना दी थी। इसी के आधार पर पुलिस ने बीती शाम पोखरी कर्बला के पास से कुल 19 पशुओं को पोखरी पंचायत के उप मुखिया सुल्तान अहमद और पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान अंसारी की मौजूदगी में जब्त किया है। वहीं थाना प्रभारी ने अन्य पशुओं के अंधेरे में भाग जाने की बात बतायी। जब्त पशुओं को स्वास्थ्य जांच कराने के बाद पोखरीकला के हुसैन अंसारी को जिम्मेनामा पर सौंप दिए जाने की बात कही।

ईद मिलादुन्नबी नेशनल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के 15 सौ साल पूरा होने के खास अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल कुटमू लोहरदगा में गुरूवार को विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के बीच केरत, नातिया कलाम, तकरीर व इस्लामी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इधर कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्रा अलिसा नाज के द्वारा तिलावते कुरान ए पाक से किया गया। इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाफिज व कारी वसीम रजवी ने कहा कि अल्लाह का लाख लाख शुक्र अदा करते हैं। जिन्होंने नबी ए करीम के सदके में ईमान की दौलत से नवाजा और हम सब को प्यारे हबीब (स. अ.) का उम्मति बनाया। आज हम जिस खास दिन को मना रहे हैं उसे पूरी दुनियां जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी के नाम से जानते हैं, यह वही मुबारक दिन है जब सारे आलम के लिए प्यारे नबी इस जहान में तशरीफ लाए। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद की तालीमात इंसानियत के लिए नूर और हिदायत का जरिया है। उन्होंने कहा कि सब से बेहतर इंसान वह है जो दूसरों के लिए फायदेमंद हो। यहां पर कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता के लिए स्कूली बच्चों का तीन ग्रुप बनाया गया। जिसमें आबे जमजम, फिरदौस व ग्रुप कौशर बनाया गया था। सभी ग्रुप में पांच पांच बच्चे शामिल थे। जिसमें प्रथम स्थान फिरदौस, द्वितीय कौसर और तृतीय स्थान पर ग्रुप जमजम रहा। वहीं नात में आयान खान, शाहिद अंसारी व मुसद्दीक अंसारी ने कब्जा जमाया। इसी तरह तकरीर में अलीशा नाज, उमैर अंसारी व अफसरा परवीन रही। सभी सफल प्रतिभागियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट मुख्य अतिथि के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के डायरेक्टर अबरार अहमद, प्राचार्य गुलनाज बानो, उप प्राचार्य शहनाज बानो के अलावा अभिभावक उपस्थित थे।

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में भाई बहनों का प्रेम का प्रकृति पर्व करम पूजा उमंग व उत्साह के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। बुधवार को भादो माह शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन-दिन भर का उपवास रख बहनों ने संध्या में पहान, पुजार, महतो के साथ ढोल नगाड़े मांदर के थाप पर थिरकते हुए करमा डाली काट कर लाया गया। करम डाली को लाने के पश्चात अपने-अपने घरों के आंगन और अखड़ा में विधिवत रख कर पुरोहित और पहान,पुजार के द्वारा करमा पूजा कराया गया। पूजन के उपरांत पुरोहितों और पहान पुजार द्वारा करम पूजा की विशेषता को बतलाते हुए करमा धरमा का कहानी सुनाया गया। ततपश्चात ढोल, मांदर और नगड़ा आदि वाद्य यंत्रों के थाप पर गीत संगीत के साथ लोग नाचते थिरकते रहे। थिरकते रहें। वहीं गुरुवार को सुबह में डंडा कटा करने के पश्चात सभी किसान अपने अपने खेतों में अच्छी फसल हो ऐसी भावना के साथ केदवाठी गाड़े और दो पहर में ढोल, मांदर तथा नगाड़े के थाप पर नाचते झूमते गाते हुए विभिन्न नदी तलाब और जलाशयों में करमा डाली को विषर्जन किया गया। करमा पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रखंड और पुलिस प्रसासन के द्वारा सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था गयी थी।

करम डाल का किया विसर्जन

भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में भाई-बहनों के अटूट प्रेम, स्नेह, दया, करुणा और विश्वास का महान प्रकृति पर्व करमा का गुरुवार को करम डाल विसर्जन के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व बुधवार मध्य रात्रि के बाद तक मंदिरों, अखरा और सामूहिक आयोजन के साथ परंपरा के अनुरूप घर-घर लोगों ने करम डाल स्थापित कर करते पूरे विधि-विधान से करम पूजा-अर्चना किया। प्रखंड में करमा पूजा न केवल आदिवासी बल्कि सदान भी बड़े धूमधाम से करते हैं। 24 घंटे के उपवास के बाद पूजा और कथा का श्रवण किया गया।

कुडू में शराब दुकान में एमआरपी से अधिक वसूली, ग्राहकों का हंगामा

कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू के बाजार टांड़ स्थित शराब दुकान पर बुधवार की शाम ग्राहकों ने हंगामा किया। आरोप है कि दुकान संचालक शराब की बोतलें एमआरपी से अधिक दाम पर बेच रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि सिग्नेचर हाफ बोतल, जिसका एमआरपी 520 रुपये अंकित है, उसे 580 रुपये में बेचा जा रहा है। वहीं बियर की बोतल पर भी लिखे मूल्य से 20 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। इसको लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर विरोध जताया। दूसरी ओर, दुकान में तैनात कंपनी कर्मियों का कहना है कि वे झारखंड बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से भेजी गई प्राइस लिस्ट के अनुसार ही शराब बेच रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब बोतल पर अंकित मूल्य और प्राइस लिस्ट में दिए गए मूल्य में अंतर है तो इसकी हकीकत क्या है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर स्पष्टता लाने और एमआरपी से अधिक वसूली पर रोक लगाने की मांग की है।

करम डाल विसर्जन के साथ करमा महापर्व संपन्न

कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड में भाई-बहन के अटूट प्रेम और प्रकृति संरक्षण के प्रतीक करमा पर्व का समापन गुरुवार को करम डाल विसर्जन के साथ हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। बुधवार की शाम से ही प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों और घरों में करम डाल गाड़कर बहनों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की तथा भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। मांदर की थाप पर झूमर व पारंपरिक नृत्य से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवी बना रहा। गुरुवार को अखाड़ों व घरों में गाड़े गए करम डाल की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। नाचते-गाते श्रद्धालु करम डाल को विभिन्न जलाशयों में विसर्जित करने पहुंचे। इस दौरान कुडू जामुनटोली, अखरटोली, जामडी सहित कई अखाड़ों ने शोभायात्रा निकालकर कुडू बाजार ताड़ बड़ा तालाब में करम डाल विसर्जन किया।

करम पर्व पर आदिवासी पारंपरिक परिधान का वितरण

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत अपने पैतृक ग्राम डोका में कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा करमा पर्व को लेकर आदिवासी परिधान का वितरण किया गया। करम पर्व को लेकर चाला इंटरप्राइजेज द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत द्वारा माता-बहनों के बीच लगभग तीन सौ पारम्परिक आदिवासी परिधान वितरित की गयी। वही इस अवसर पर श्री भगत ने अपने पैतृक गांव में पहुंचकर कहा कि गरीबी से उठकर आज जहां पहुंचा हूं वह सब समाज और गांव के बड़े बुजुर्गो के आशीर्वाद का परिणाम है। अपने लोगों के लिए कुछ करने का सौभाग्य मिला है। जो जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने अपनी मातृभूमि को नमन करते हुए आगे कहा कि गांववालों का जो स्नेह और अपनापन मिला उसने आंखें भर दीं जिसे समाज की प्रगति में शिक्षा और परम्परा दोनों की बराबर भूमिका है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वे हमेशा अपने गांव और समाज के लिए आगे खड़े रहेंगे। गांव पंहुचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जिसे पूरा माहौल भावुक हो उठा स्वागत में आत्मीयता देख उन्होंने कहा कि मिट्टी से उठकर फिर मिट्टी को नमन है। गांव का प्यार ही सबसे बड़ा धन है। गांव में ही परंपरा और संस्कृति जीवित है। जिसे मिल जुल कर सभी को संजो कर रखना है। मौके पर कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव, लोहरदगा प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, लालदेव भगत के अलावे नारायण भगत,रामजीत भगत, सेराज अंसारी, रोहित उरांव, गोपाल साहू, सुरेश उरांव,नवनीत भगत एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण आदिवासी महिला-पुरुष उपस्थित थे।

वोट बैंक की तुष्टिकरण का नतीजा है कुडू की घटना : मनीर उरांव

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के दोबा बरटोली गांव में एक बार पुनः सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास किया गया। इस पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कर्म झारखंड का महापर्व और संस्कृति है और यह महापर्व झारखंड एवं यहां के मूल निवासी आदिवासी की एक अलग पहचान बनाती है। ऐसे में इस प्रकार की घटना का होना बहुत ही चिंतनीय है। आखिर कौन सी ऐसी ताकत है जो बार-बार इस प्रकार की हिमाकत करने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह कोई संयोग नहीं यह सोची समझी एक चाल है। कहने के लिए तो वह अल्पसंख्यक बताते हैं परंतु जिस भी क्षेत्र में उनकी संख्या अधिक होती है वह इस तरह की हरकत का अंजाम देते हैं। लोगों में भय व्याप्त करना चाहते हैं और इसके पीछे एक बड़ी ताकत खड़ी रहती है जो सरकार की शासन प्रशासन को भी चुनौती दे रहा है। यह केवल किसी व्यक्ति और समाज के लिए चुनौती नहीं राज्य के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सरकार को भी बराबर के तराजू रखना चाहिए। वोट बैंक की तुष्टिकरण का नतीजा ही आज ऐसी हिम्मत को प्रदान कर रहा है। कहने को तो राज्य में आदिवासी की सरकार है परंतु कोई ऐसी त्यौहार नहीं जिसमें बाधा नहीं पहुंचायी जा रही निर्दोष लोगों के ऊपर पत्थरबाजी करने की झारखंड में परंपरा बन गयी है और यह अक्सर एक विशेष समुदाय के द्वारा देखा जाता है। ऐसे में शासन प्रशासन को वैसे लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर बताना होगा कि यह कश्मीर नहीं है। यदि ऐसे मामलों में वैसे सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती है केवल समन्वय बना देने से आगामी ऐसी घटना रूक जाएगी तो ऐसा सोचना व्यर्थ है।

निकाय चुनाव नहीं कराना सरकार की विफलता

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने राज्य में वर्षों से लंबित नगर निकाय के चुनाव नहीं करा पाने तथा उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट ने शहरी निकाय के चुनाव में हो रही देरी के लिए राज्य सरकार के विरुद्ध गंभीर नाराजगी प्रकट की है। कोर्ट ने कहा है कि हरेक 5 वर्षों में नगर निकाय का चुनाव करानी चाहिए। यह अनिवार्य है। लेकिन सरकार संविधान का पालन नहीं कर रही है। भाजपा नेता ने कहा है कि चुनाव नहीं होने से सरकार को भारी आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। चुनाव में देरी होने के कारण राज्य 15 वें वित्त आयोग की सहायता से वंचित हो गया है, राशि के अभाव में कई विकास की योजनाएं अधूरी पड़ी है, जिसके कारण आम नागरिकों को जन सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। राज्य सरकार शहर के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। राज्य पिछड़ा आयोग द्वारा ओबीसी सर्वे का कार्य धीमी गति से चल रहा है। सरकार ने विधानसभा में स्वीकार किया है कि अभी तीन जिलों में ट्रिपल टेस्ट का सर्वे बाकी है। ओम प्रकाश सिंह ने सरकार से नगर निकाय का चुनाव यथाशीघ्र कराने की मांग के साथ इसमें हो रहे देरी के कारणों का निष्पादन करने की भी मांग की है।

'जीएसटी 2.0' से आम आदमी को महंगाई से सीधे राहत मिलेगी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'जीएसटी 2.0' के तहत एक क्रांतिकारी, जन-हितैषी फैसला लिया है। जीएसटी की जटिल चार-स्तरीय संरचना को समाप्त कर अब सिर्फ दो स्लैब (5% और 18%) लागू किये गये हैं, जो 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होंगे। इस ऐतिहासिक निर्णय से आम आदमी को महंगाई से सीधी राहत मिलेगी। दूध, पनीर, रोटी जैसी दर्जनों आवश्यक वस्तुओं और सबसे महत्वपूर्ण, स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम को टैक्स-फ्री (0% GST) कर दिया गया है। यह सुधार न केवल हर घर का बजट सुधारेगा, बल्कि सरलीकरण से व्यापारियों को भी बढ़ावा देगा और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति प्रदान करेगा। यह सरकार का आम नागरिक को त्योहारी सीजन से पहले एक अनमोल तोहफा है।

एसडीएम ने अवैध बालू उत्खनन को लेकर बेलचंपा क्षेत्र में की छापेमारी

ट्राली पलट कर भागे दो लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार सुबह-सुबह बेलचंपा में दानरो नदी किनारे औचक छापेमारी की। जहां दो ट्रैक्टर ट्राली सहित नदी में बालू उत्खनन कार्य में संलिप्त मिले। एसडीएम के आने की भनक लगते ही दोनों ट्रैक्टर तेजी से नदी से भाग खड़े हुए किंतु कुम्हार टोली में स्वयं को घिरता देख दोनों ने बालू लदी ट्राली पलट कर भागने की कोशिश की। जिसमें एक महिंद्रा ट्रैक्टर खाली ट्रॉली सहित भागने में सफल रहा। जबकि दूसरा व्यक्ति ट्रैक्टर ट्राली पलटाने के बाद आधी पलटी ट्रॉली छोड़कर तथा पास में ही ट्रैक्टर खड़ाकर भाग

निकला। स्थानीय लोगों से पूछताछ के उपरांत पता चला कि उक्त दो ट्रैक्टर क्रमशः मुकेश पासवान तथा राजन साव के हैं। पलटी हुई बालू का जिम्मानामा स्थानीय चौकीदार बृज किशोर पासवान को देते हुए सदर अंचल अधिकारी तथा खनन पदाधिकारी को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने तथा इस तटीय क्षेत्र में आवश्यक नजर रखने का निर्देश दिया गया।

संजय कुमार ने बताया कि नदी तटीय क्षेत्रों में उनके स्तर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। इसके बावजूद इस प्रकार की अवैध उत्खनन गतिविधियों में संलिप्त लोग प्रथम द्दष्टया आदतन माफिया ही माने जायेंगे। अतः विधि व्यवस्था के एहतियातन दो लोगों क्रमशः मुकेश कुमार पासवान पिता बृज किशोर पासवान तथा राजन साव पिता गोपाल साव के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है।

उक्त दोनों लोग बेलचंपा गांव के ही रहने वाले हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि मुकेश पासवान बेलचंपा गांव के चौकीदार ब्रज किशोर पासवान का पुत्र है। जिस चौकीदार को खुद निषेधाज्ञा की अवहेलना की सूचना थाना और अनुमंडल को देनी थी, उसी चौकीदार के पुत्र द्वारा अवैध उत्खनन का कार्य किया जाना गंभीर बात है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

अवैध बालू उत्खनन में लगो ट्रैक्टर जब्त

रंका (आजाद सिपाही)। अवैध रूप से बालू उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त कर रंका थाना लाया गया है। इस संदर्भ में ट्रैक्टर चालक तथा मालिक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी संख्या 108/2025 दिनांक 02/09/2025 दर्ज कर ली गयी है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

भवनाथपुर में ग्रामीणों के विरोध का असर
डीसी के आदेश पर नयी शराब दुकान हटायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। शहरी क्षेत्र के रिहायशी इलाके में नयी शराब दुकान खोलने को लेकर ग्रामीणों के विरोध का असर अब साफ दिखने लगा है। आजाद सिपाही अखबार के पिछले अंक में खबर छपने के बाद डीसी द्वारा उक्त दुकान को दूसरे जगह शिफ्ट कर दिया गया। जानते चलें कि रिहायशी इलाके में सरकारी शराब दुकान खोले जाने की खबर पर ग्रामीणों की आपत्तियों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और डीसी के हस्तक्षेप के बाद विवादित स्थान पर शराब दुकान खोलने का निर्णय बदल दिया गया।अब यह दुकान शहर से हटाकर पूर्व निर्धारित पुराने स्थान पर ही संचालित की जायेगी। गौरतलब है कि जैसे ही रिहायशी

इलाके में शराब दुकान खोलने की पहल हुई, ग्रामीण इसका कड़ा विरोध करने लगे थे। ग्रामीणों का कहना था कि इससे खासकर युवाओं और नाबालिगों पर नकारात्मक असर पड़ता और क्षेत्र की महिलाएं असुरक्षा की भावना से ग्रसित रहतीं।

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन ने उनकी मांग पर विचार नहीं किया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस विरोध को सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों का भी समर्थन मिला। मामला गरमाने पर स्थानीय प्रशासन ने रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी, जिसके बाद डीसी ने हस्तक्षेप करते हुए नई जगह पर दुकान खोलने का आदेश रद्द कर दिया।

डीसी के इस फैसले के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और कहा कि प्रशासन ने समय रहते उनकी चिंताओं को समझा, जिससे आने वाली पीढ़ी पर गलत असर पड़ने से बचाव हो गया।

सीआइएसएफ के सब इंस्पेक्टर दीपक को नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई

सलामी के साथ कोयल नदी के मुक्ति धाम पर किया गया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर मेराल थाना क्षेत्र के तरके गांव निवासी दीपक पांडे का निधन 3 सितंबर को इलाज के दौरान जयपुर में हो गयी थी। गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से रांची तथा रांची से पैतृक गांव मेराल थाना क्षेत्र के तरके गांव पहुंचा जहां सैकड़ों लोगों ने अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा विभाग के जवानों द्वारा दी गयी सलामी के साथ अंतिम संस्कार कोयल नदी के मुक्तिधाम पर किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार

दीपक पांडे 2017 में सीआईएसएफ ज्वाइन किये थे तथा प्रोन्नति पाकर सब इंस्पेक्टर बन गये थे। कुछ दिन पूर्व उनकी तबीयत बिगड़ी इसके बाद विभाग द्वारा जयपुर के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया और इलाज के दरमियान ही 3 सितंबर को उनकी मौत हो गयी। मौत के बाद विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनका शव को एयर एंबुलेंस से दिल्ली से रांची लाया गया तथा रांची के बाद पैतृक गांव पहुंचा। दीपक पांडे का पार्थिव शरीर पहुंचते ही स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गये तथा उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी मिलने के बाद मेराल के अंचल सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक, एस आई रवि कुमार, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जवाहर पासवान, धनंजय तिवारी आदि लोगों ने भी पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण गौरव श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मोबाइल विवाद में किशोरी ने दी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के बनसानी गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आयी। बनसानी गांव निवासी की 15 वर्षीय युवती ने अपने भाई के साथ मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में किशोरी को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस के एसआई परवेज आलम एवं जगत बंधु महतो मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार, युवती का गुरुवार को अपने भाई से मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान उसकी मां ने भी उसे डांट दिया। नाराज होकर युवती घर के भीतर गयी और दुपट्टे से फांसी लगा ली।

इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि आज की नयी पीढ़ी छोटी-छोटी बातों पर भावावेश में आकर ऐसा कदम उठा लेती है, जो परिवार के लिए आजीवन दुख का कारण बन जाता है।

रोजगार सेवक धर्मराज के पिता का निधन

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित ग्राम रोजगार सेवक धर्मराज सिंह के पिता सह झारखंड खादी ग्राम उद्योग बोर्ड से सेवानिवृत कर्मी बनारस प्रसाद 81 वर्ष की निधन बुधवार की देर शाम पैतृक आवास श्री बंशीधर नगर के चेचरिया गांव में हो गयी। वे बिगत कई माह से बीमार चल रहे थे। उनका दाह संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका श्मशान घाट किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र धर्मराज सिंह ने दी। निधन की सूचना मिलते ही गांव के गणमान्य व्यक्ति सारंगधर प्रसाद, देवराज सिंह, धर्मपाल सिंह, शिक्षक सुनील कुमार, धर्मेंद्र, अजीत कुमार, शिवकुमार, अनिशराज ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर रोजगार सेवक की पिता का निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, पंचायत सेवक सतीश सिंह, विकास चौबे, नवनीत कुमार, राजगीर कुमार, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, तहमीद अंसारी, परमानंद ठाकुर, शशि कुमार, किशोर कुमार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

मां काली पूजा समिति का गठन, गिरीश बने अध्यक्ष

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के चर्चित काली स्थान के प्रांगण में मां काली पूजा समिति के द्वारा पिछले 1978 ई से पूजा का आयोजन होते आ रहा है। इस बार भी पूजा समिति के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा के सफल संचालन को लेकर कमेटी के गठन किया गया है। पूजा को लेकर कमिटी को लोग काफी उत्साहित है इस बार यहां कोलकाता के सुरेश्वरी मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है करीब 5 लाख की लागत से बंगाल के कारीगरों के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गिरीश नारायण चौबे को अध्यक्ष राहुल पाठक, राजेश पाठक को सचिव, जितेंद्र पांडेय, संजीव पाठक को उपाध्यक्ष, अभिषेक पाठक, राजीव पाठक, प्रिंस पाठक को कोषाध्यक्ष आदि अन्य को बनाया गया।

आरके पब्लिक स्कूल हूर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गुरुवार को आरके पब्लिक स्कूल हूर में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण का वातावरण उल्लासमय एवं ज्ञानमयी बना रहा। छात्र-छात्राओं ने अपने प्रिय शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इनमें स्वागत गीत, नृत्य, भाषण एवं नाटक प्रमुख आकर्षण रहे। वरिष्ठ छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर कक्षाओं का संचालन किया, जिससे विद्यालय का माहौल और भी खास बन गया। समारोह के दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उनके निस्वार्थ योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी।

विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक ही मानव संसाधन का वास्तविक निमार्ता होता है। चाहे कोई बच्चा आगे चलकर आईएएस बने, आईपीएस बने या अन्य किसी ऊँचे पद पर पहुंचे, उसके व्यक्तित्व का निर्माण और विकास एक शिक्षक के हाथों ही होता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों का चरित्र निर्माण और नैतिक विकास अत्यंत आवश्यक है। जब वे बड़े शहरों में जायें, तो उन्हें कभी यह महसूस न हो कि वे किसी छोटे स्थान से आए हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास ही उनकी पहचान बने।

उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या नसरीन हक की भी विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद विद्यालय को ऐसी प्रधानाचार्या मिली हैं जो अपने कार्यों को पूरी लगन और निष्ठा से करती हैं और विद्यालय को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। साथ ही, उन्होंने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण भाव से कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या नसरीन हक ने भी सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण छाया कुमारी, निधि शुक्ला, अंजलि शुक्ला, मुस्कान चौबे, आकांक्षा दुबे, फरहत सिदकी, प्रेमांजली कुमारी, अजय शर्मा, अमृता कुमारी, गीता कुमारी, सोनाली महतो, कविता कुमारी, प्रियंका कुमारी, श्रीकांत चौधरी, मनीष तिवारी, याकूब, अंसारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

चोरी के समान के साथ एक नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

गिरोह का मास्टरमाइंड पुलिस के गिरफ्त से अब भी है बाहर

चोरी का सामान खरीदने वाले स्वर्ण व्यावसायियों को भी पुलिस ने पकड़ कर लाया थाना, चेतावनी के बाद छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल । मेराल तथा रमुना थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से लगातार हो रही चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए थाना पुलिस ने एक नाबालिक सहित दो युवकों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। लगातार हो रही चोरी की घटना थाना पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था, उद्भेदन के बाद पुलिस इसे कामयाबी मान रही है। पकड़े गये युवकों में एक को जेल तथा दूसरा नाबालिक को बाल सुधार गृह डाल्टनगंज भेजा गया। गुरुवार को मेराल थाना में प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु कांत तथा रमुना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्लू रंग के अपाची बाइक से दो लड़का चोरी का गहना खरीद बिक्री करने के लिए बाना गांव से गढ़वा की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद छापेमारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपाची बाइक सवार को बाना गांव के पास से पकड़ लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने के बाद पकड़ा गया युवक ने अपना नाम जितेंद्र चौधरी पिता सुनील चौधरी बताया जो गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के हूर मध्या गांव का रहने वाला है, जबकि दूसरा नाबालिग रमुना थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि यह मोबाइल सोहवरिया गांव से चोरी किया गया है, जबकि दूसरे लड़के के पास से रेडमी एमआई कंपनी का मोबाइल मिला जो मड़वनिया गांव से चोरी किया गया था। पकड़ा गया जितेंद्र चौधरी का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि गढ़वा थाना में उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है, जिसमें वह पहले भी जेल जा चुका है।

डीएवी मॉडल स्कूल में नशा मुक्ति अभियान चला

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से ब्रह्म कुमारी शांति माता, ब्रह्मकुमारी बसंती बहन, ब्रह्मकुमारी सुचिता बहन नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को अपने बारे में, अपनी आत्मा के विषय में बहुत कुछ जानकारियां दीं। ब्रह्माकुमारी बसंती वाहन ने बताया कि जीवन में शांति ही सब कुछ है। जिसके घर में लोग नशा करते हैं उनके घर की शांति समाप्त हो जाती है, घर का वातावरण दूषित हो जाता है, अतः हम सबों को अपने

जीवन में नशा को नहीं आने देना चाहिए। अंत में सभी बच्चों से उन्होंने प्रतिज्ञा करायी कि वे अपने जीवन में नशा नहीं करेंगे। किसी के दबाव में,किसी के बहकावे में, किसी भी परिस्थिति में नशा नहीं करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुशील केसरी ने ब्रह्म कुमारी माताजी और बहनों को बहुत-बहुत साधुवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मेरे विद्यालय में आकर बच्चों को इतनी अच्छी सीख दी इसके लिए वे प्रसंसनीय है। इस अवसर पर प्राचार्य गुलाम सरवर, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, आरती कुमारी, कोमल केसरी, तान्या सोनी, मीनाक्षी, सुलेखा गुप्ता, सिमरन कुमारी, कुमकुम कुमारी, श्वेता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और प्रकृति संरक्षण का पर्व करमा धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रकृति संरक्षण के प्रतीक पर्व करमा को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। दिनभर व्रत रखकर उन्होंने भाइयों की सुख-समृद्धि, शांति और दीघार्यु की कामना की। दिनभर गांवों में गीत-संगीत और पूजा-अर्चना का वातावरण रहा। युवतियों व बच्चियों ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर करमा गीत गाए और मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। संध्या बेला में बहनों ने करम वृक्ष की डाल स्थापित कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद करमा गीतों के बीच व्रत खोला गया। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। देर रात तक करमा पर्व की रौनक गांव-गांव में छाई रही। कांडी प्रखंड के बलियारी, पतीला, गाड़ाखुर्द, हरिहरपुर, मझिगावां, डूमरसोता, लमारी, शिवपुर, सरकोनी समेत विभिन्न पंचायतों में करमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

भंडरिया में करमा पर्व परंपरा और आस्था के साथ संपन्न

भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में करमा पर्व महोत्सव बड़े धूमधाम और पारंपरिक आस्था के साथ संपन्न हुआ आदिवासी महासभा और भुइंहर/मुंडा समाज विकास कमेटी के कतत्वावधान में बुधवार की रात आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार करम डाली की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य-गीतों के साथ शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। गुरुवार को भीतर भंडारिया से भव्य शोभायात्रा निकली, जो रेंज ऑफिस और बाजार मार्ग होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक पहुंची। शोभायात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते नजर आये। महिलाएं कलश में जौ रखकर आगे बढ़ीं, जिन्हें बाद में सामूहिक रूप से विसर्जन किया गया। इस दौरान आदिवासी संस्कृति की भव्य झलक सामने आयी। आयोजन को सफल बनाने में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष हरिदास तिर्की लोरेंस कुजूर नीलम कुजूर वीरेंद्र कोरवा इधर भुइहर समाज से जिला अध्यक्ष राम सकल नागवंशी, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मुंडा, ग्राम प्रधान राजेंद्र भुइंहर, बैगा पहन सुकुल भुइंहर समेत कई सदस्यों का योगदान रहा।

कोनमंडरा गांव में पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों से गूंज उठा माहौल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के कोनमंडरा गांव में सिद्धू कान्हो युवा खेल क्लब के अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को कर्मा पर्व की धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर कर्मा नृत्य किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते लोगों ने लोकगीतों के साथ पर्व की गरिमा को जीवंत कर दिया। गांव के मध्य स्थित कर्मा स्थल को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। पूजा के बाद शुरू हुए नृत्य में आसपास के गांवों से भी लोग शामिल हुए। कर्मा वृक्ष की पूजा कर लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। इस आयोजन के मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि जेएमएम के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि कर्मा पर्व आदिवासी संस्कृति का महापर्व है, मैं उन्हें कोटि कोटि बधाई देना चाहता हूं। मैं आपके साथ 24 घंटे आपके सेवा में तत्पर रहूंगा।

उक्त पर्व को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा गांव उत्सवमय हो गया। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि कर्मा पर्व आदिवासी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जो प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। इस बार आयोजन को और भी भव्य बनाने के लिए युवाओं ने सामूहिक रूप से तैयारी की थी।04

रांची मंडल में खानपान, बैटरी चालित कार, एमपीएस और डब्ल्यूवीएम के लिए ई-नीलामी

अधिसूचना संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक : 04.09.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: **क्रम संख्या:** 1। **श्रेणी:** खानपान। **कैटेलॉग संख्या: आरएनसीसीएटीजी33। परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में जीएमयू और एसएमयू श्रेणियों के अंतर्गत 48 अदद खानपान इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 08.09.2025 को सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 09.09.2025 को सुबह 11.10 बजे। **क्रम संख्या:** 2। **श्रेणी:** एमपीएस। **कैटेलॉग संख्या: आरएनसीएमपीएस27। परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के 10 अदद बहुउद्देशीय स्टॉल के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 09.09.2025 को अपराह्न 3.45 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 09.09.2025 को अपराह्न 5.45 बजे। **क्रम संख्या:** 3। **श्रेणी:** डब्ल्यूवीएम। **कैटेलॉग संख्या: आरएनसी डब्ल्यूवीएम18। परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में 13 अदद डब्ल्यूवीएम की स्थापना ... 5 को सुबह 11.00 ब... 0 बजे। **क्रम संख्या:** ... ग **संख्या:** **आरएनस** ... टेया में बैटरी चालित क... 6.09.2025 को दोपहर ... पहर 12.40 बजे। **द्रष्ट** ... स वेबसाइट (www.i ... ण ऊपर दिए गए कैटेलॉ ...

(PR-598) ... धक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

मराठा आरक्षण विरोध कहां तक

देश ने आरक्षण की एक और लड़ाई देखी, इस बार मुंबई में। मराठा आरक्षण को लेकर पांच दिनों तक भारत की आर्थिक राजधानी में हंगामा मचा रहा। प्रदर्शनकारी आखिरकार माने, लेकिन अपनी कई मांगें मनवा कर। प्रदर्शन खत्म हो चुका है, पर इससे जुड़े कुछ सवाल अब भी बाकी हैं - अपनी मांग को लेकर कोई आंदोलन किस हद तक जा सकता है और क्या विरोध-प्रदर्शन का अधिकार छीना जा सकता है?

अदालत की सख्ती : बॉम्बे हाइकोर्ट ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल से जवाब मांगा है कि आंदोलन के दौरान सरकारी संपत्ति को जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा, उसका जिम्मेदार कौन है? जरांगे की तरफ से बताया गया कि आंदोलन शांतिपूर्ण था, किसी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि यह माना गया कि आम जनता को असुविधा हुई। गौरतलब है कि यह आंदोलन खत्म भी तभी हुआ, जब हाइकोर्ट ने सख्ती दिखाई - भले इसके लिए सरकार ने जरांगे की मांगें मानीं।

आंदोलन से परेशानी : आम लोगों को हुई असुविधा पर हाइकोर्ट की नाराजगी बिल्कुल सही है। अपनी बात मनवाने के लिए किसी शहर की रफ्तार को रोक देना उचित नहीं माना जा सकता। दुर्भाग्य से दक्षिण मुंबई को जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ी, कई लोकल ट्रेन कैंसल हुईं। कभी न थमने वाली मुंबई का कुछ हिस्सा आरक्षण आंदोलन में जकड़ गया।

विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र का अहम हिस्सा है। सरकार से असहमति जताना और जिम्मेदारों तक अपनी बात पहुंचाना हर नागरिक का हक है। अगर किसी समुदाय-वर्ग को लगता है कि सरकार उसके हितों की अनदेखी कर रही है, तो उसे विरोध जताने से नहीं रोका जा सकता।

प्रशासन की जिम्मेदारी : लेकिन यहां जितनी जिम्मेदारी आंदोलनकारियों, उनके नेता जरांगे की है, उतनी ही एडमिनिस्ट्रेशन की भी। मुंबई में भीड़ का उमड़ना कोई नयी बात नहीं है। गणेश पूजनोत्सव के दौरान ही देश के तमाम हिस्सों से लोग गणपति बप्पा के दर्शन को मुंबई पहुंचते हैं। तो क्या आंदोलन की जानकारी होने के बाद हालात को संभालने के लिए उचित इंतजाम किये गये थे? अगर परमिशन पांच हजार की थी, तो इससे कई गुना ज्यादा भीड़ कैसे महानगर में दाखिल हो गयी?

संतुलन जरूरी : विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र का अहम हिस्सा है। सरकार से असहमति जताना और जिम्मेदारों तक अपनी बात पहुंचाना हर नागरिक का हक है। अगर किसी समुदाय-वर्ग को लगता है कि सरकार उसके हितों की अनदेखी कर रही है, तो उसे विरोध जताने से नहीं रोका जा सकता। लेकिन, मामला है हद का - कि उस विरोध की सीमा क्या होगी? जिस तरह विरोध का अधिकार नहीं छीना जा सकता, उसी तरह यह भी नहीं हो सकता कि एक का प्रदर्शन दूसरे के लिए आफत बन जाये। महाराष्ट्र सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जरूरत है कि इस सवाल को भी सुलझा लिया जाये, वरना फिर कोई शहर किसी आंदोलन के बोझ से दबा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

शिक्षक एक दीपक की तरह हैं, जो स्वयं जल कर अज्ञानता के अंधकार को दूर करते हैं और ज्ञान की ज्योति से मार्ग को प्रकाशित करते हैं। विद्यार्थी के जीवन की पहली सीढ़ी पर कदम रखते ही शिक्षक उसके पथप्रदर्शक बन जाते हैं। वे न केवल अक्षर ज्ञान कराते हैं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं जैसे मूल्य भी सिखाते हैं। समाज में शिक्षकों की भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। वे समाज को शिक्षित, जागरूक और संस्कारित बनाने का कार्य भी करते हैं।

शिक्षक दिवस : समाज के निर्माता शिक्षक

मो नेजातूल्लाह

समाज के विकास और राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया है, लेकिन शिक्षा को सही दिशा देने वाला वह व्यक्ति - जिसे हम शिक्षक कहते हैं। शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान नहीं कराते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और जीवन-दृष्टि को गढ़ते हैं। यही कारण है कि उन्हें समाज का शिल्पकार कहा जाता है।

शिक्षक एक दीपक की तरह हैं, जो स्वयं जल कर अज्ञानता के अंधकार को दूर करते हैं और ज्ञान की ज्योति से मार्ग को प्रकाशित करते हैं। विद्यार्थी के जीवन की पहली सीढ़ी पर कदम रखते ही शिक्षक उसके पथप्रदर्शक बन जाते हैं। वे न केवल अक्षर ज्ञान कराते हैं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं जैसे मूल्य भी सिखाते हैं।

समाज में शिक्षकों की भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। वे समाज को शिक्षित, जागरूक और संस्कारित बनाने का कार्य भी करते हैं। एक जागरूक शिक्षक गांव और शहर के बीच की दूरी को मिटाने में योगदान देता है। वह समाज को अंधविश्वासों, कुरीतियों और संकीर्णताओं से मुक्त करने का प्रयास करता है। यही कारण है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी के बाद तक अनेक शिक्षकों ने समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आज के युग में जब तकनीक और इंटरनेट शिक्षा का नया माध्यम बन चुके हैं, तब भी शिक्षक की महत्ता कम नहीं हुई है।



डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक का कार्य केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में चरित्र, मानवता और सामाजिक मूल्यों का संचार करना भी है। वे कहते थे - जो शिक्षक अपने विद्यार्थियों से प्रेम नहीं करते, वे कभी उन्हें सही शिक्षा नहीं दे सकते। उनके अनुसार, शिक्षक को सदैव एक आजीवन शिक्षार्थी (Lifelong Learner) बने रहना चाहिए, क्योंकि जो स्वयं सीखना बंद कर देता है, वह दूसरों को कभी सच्ची शिक्षा नहीं दे सकता।

आज के युग में जब तकनीक और इंटरनेट शिक्षा का नया माध्यम बन चुके हैं, तब भी शिक्षक की महत्ता कम नहीं हुई है। डिजिटल माध्यम जानकारी दे सकते हैं, लेकिन सही दृष्टिकोण, सही मूल्य और मानवीय संवेदनाएं केवल एक शिक्षक ही दे सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल नौकरी पाने योग्य नहीं बनाते, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक, संवेदनशील इंसान और समाजोपयोगी व्यक्तित्व बनाने का कार्य करते हैं।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक का कार्य केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में चरित्र, मानवता और सामाजिक मूल्यों का संचार करना भी है। वे कहते थे - जो शिक्षक अपने विद्यार्थियों से प्रेम नहीं करते, वे कभी उन्हें सही शिक्षा नहीं दे सकते। उनके अनुसार, शिक्षक को सदैव एक आजीवन शिक्षार्थी (Lifelong Learner) बने रहना चाहिए, क्योंकि जो स्वयं सीखना बंद कर देता है, वह दूसरों को कभी सच्ची शिक्षा नहीं दे सकता।

यह विचार इस बात को स्पष्ट करता है कि शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक और समाज निर्माता भी होता है।

शिक्षकों के बारे में विभिन्न विद्वानों ने जो विचार प्रस्तुत किया :-

1. शिक्षक राष्ट्र निर्माता है : मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं होता, बल्कि वह नये युग की सोच और सामाजिक चेतना का जन्मदाता होता है। जबकि डॉ. कलाम कहते थे झ शिक्षक एक छोटे से कक्षा-कक्ष में बैठे बच्चों की ज़िंदगी को प्रभावित करके पूरे राष्ट्र को बदल सकता है।

2. शिक्षक चरित्र निर्माता है : मौलाना आजाद के अनुसार, शिक्षक का सबसे बड़ा कर्तव्य विद्यार्थियों के भीतर सद्गुण, चरित्र, संवेदना और राष्ट्रभक्ति का विकास करना है।

3. शिक्षक का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं है : मौलाना आजाद कहते थे कि गुरु का कार्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करना उसकी सच्ची ज़िम्मेदारी है।

4. सामाजिक न्याय और सद्भाव का प्रेरणास्रोत : शिक्षक समाज में समानता, भाईचारा और एकता की भावना जाग्रत करता है।

5. शिक्षक और देश की प्रगति : मौलाना आजाद विश्वास करते थे कि यदि भारत को प्रगति के शिखर तक पहुँचाना है तो शिक्षकों को सशक्त बनाना होगा और उनके योगदान का सम्मान करना होगा।

एक बार जब डॉ कलाम सर से उनकी जीवन की पहचान के बारे में पूछा गया तो वे कहते हैं - मैं सबसे पहले खुद को एक शिक्षक मानता हूं, और यही मेरी सच्ची पहचान है।

यह भी सत्य है कि यदि समाज को सशक्त, शिक्षित और प्रगतिशील बनाना है तो शिक्षकों की भूमिका को समझना और उन्हें उचित सम्मान देना आवश्यक है। शिक्षकों के बिना समाज अधूरा है, क्योंकि वही भविष्य की नींव तैयार करते हैं।

अनेक विद्वानों ने शिक्षक के बारे में अपने विचार प्रकट किए हैं, लेकिन अंततः यह कहा जा सकता है कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक, राष्ट्र के निमार्ता और मानवता के सच्चे संरक्षक हैं। उनकी भूमिका जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही अपरिहार्य भी। एक अच्छा शिक्षक केवल एक विद्यार्थी का जीवन नहीं बदलता, बल्कि आने वाली पूरी पीढ़ी का भविष्य संवार देता है।

(लेखक : सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग, रांची के प्रिंसिपल हैं।)

कोल्हान की खबरें

जदयू ने राहुल गांधी का फूंका पुतला, जताया आक्रोश

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिहार में महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर की गयी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में जदयू ने विरोध जताया। गुरुवार को महानगर अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में समिति ने साकची में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव अंजली सिंह, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की अध्यक्ष अमृता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा महिला शक्ति का अपमान पूरे देश का अपमान है। अजय कुमार ने कहा कि कांग्रेस चुनावी बौखलाहट में इस तरह की भड़काऊ और असंवेदनशील टिप्पणी कर रही। जो लोकतांत्रिक और सामाजिक मयार्दा पर गहरी चोट है। इस अवसर पर कुलविंदर सिंह पन्नू, विकास साहनी, आकाश शाह, नीरज सिंह, ममता सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रानीडीह कोकोटोला में शहीद मोटका गोप का 36वां शहादत दिवस 23 सितंबर को

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका विधानसभा क्षेत्र के बागबेड़ा स्थित रानीडीह कोकोटोला में शहीद मोटका गोप का 36वां शहादत दिवस इस वर्ष 23 सितंबर को भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस संबंध में गुरुवार को खासमहल कुंडू भवन में झामुमो जमशेदपुर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। मौके पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 16 टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता टीम को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। प्रेस वार्ता में बहादुर किस्कू के साथ पुकलु सरदार, लखन सोरेन, अनुप शर्मा, मैनूल खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएवी स्कूल के मनीषी ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, शिक्षक दिवस पर दिया खास तोहफा

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शिक्षक दिवस के मौके पर जमशेदपुर के डीएवी स्कूल के छात्र मनीषी ने क्रिकेट में वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर शहर और राज्य का नाम रोशन किया। मनीषी झारखंड के पहले क्रिकेटर बने हैं, जिन्होंने एक पारी में 6 बल्लेबाजों को एलबीडब्लू आउट कर उपलब्धि हासिल की। दुनिया के स्तर पर यह रिकॉर्ड अब तक केवल पांच क्रिकेटरों में मार्क एलॉर्ट, चमीडां वास, ताबिश खान, ओबी रोबिस्लान और क्रिस राइट के नाम दर्ज था। मनीषी अब इस सूची में छठे खिलाड़ी के रूप में शामिल हो गये। उन्होंने स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही अंडर-16 स्टेट टीम में खेलना शुरू किया और इसके बाद राहुल द्रविड़ अकादमी के मार्गदर्शन में अंडर-19 स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। उनका अगला लक्ष्य झारखंड रणजी टीम में जगह बनाना है। मनीषी की कामयाबी ने साबित कर दिया जमशेदपुर जैसे शहर से भी विश्वस्तरीय खिलाड़ी हो सकते है।

बिस्टुपुर में दिनदहाड़े 30 लाख की लूट, व्यापारियों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। 24 घंटे के भीतर दो बड़ी लूट की वारदातों ने पूरे शहर के व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया। बुधवार को सोनारी थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी दुकान में हुई लूट की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि गुरुवार को अपराधियों ने बिस्टुपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े 30 लाख की लूट को अंजाम दे डाला। मिली जानकारी के मुताबिक कारोबारी साकेत अग्रवाल गुरुवार को बैंक में रुपये जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान बिस्टुपुर गुरुद्वारा के पास पहले से घात लगाये इनोवा सवार अपराधियों ने उन पर हमला कर रुपयों से भरा बैग छीन लिया। अपराधियों ने भागते वक्त कारोबारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंका और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बिस्टुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही ताकि अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जा सके। साथ ही पूरे शहर में गहन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उधर लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों में भय का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे। खबर लिखे जाने तक पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

लगातार लूट की घटनाओं पर बरसे विधायक सरयू राय, कहा-पुलिस पूरी तरह विफल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर में लगातार हो रही लूट की घटनाओं पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। गुरुवार को बिस्टुपुर में 30 लाख रुपये की लूट की वारदात और उससे एक दिन पहले सोनारी में ज्वेलरी शॉप में हुई लूट पर उन्होंने कहा कि इससे साफ हो गया है कि पुलिस पूरी तरह विफल है। उन्होंने कहा कि बिस्टुपुर जैसे पॉश इलाके में दिनदहाड़े लूट कैसे हो गयी। पुलिस का सूचना तंत्र और खुफिया तंत्र आखिर कर क्या रहा था। भारी भरकम राशि गोपनीय सूचनाओं पर खर्च की जाती है, लेकिन उसका कोई लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा। सरयू राय ने कहा कि थाने की पुलिस अगर सक्रिय रहती तो इस तरह की घटनाएं नहीं घटतीं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जितना ध्यान पुलिस हेलमेट चेकिंग पर देती है, उसका आधा भी अपराध नियंत्रण में लगाये तो अपराधियों के हौसले पस्त हो जायेंगे। लगातार दो दिनों में हुई लूट से आम जनता और व्यापारियों में आक्रोश व भय का माहौल है। विधायक ने पुलिस प्रशासन से शहर की कानून-व्यवस्था पर तत्काल सख्त कदम उठाने की मांग की।

जमशेदपुर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर भाजपा ने शासन-प्रशासन पर बोला हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर में अपराध की घटनायें बेकाबू हो चुकी हैं, शहर में लगातार दूसरे दिन हुई सनसनीखेज लूट ने शहर की ध्वस्त कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। बुधवार को सोनारी थाना क्षेत्र में वर्धमान ज्वैलर्स में दिनदहाड़े छह हथियारबंद अपराधियों ने लाखों रुपये के आभूषण लूट लिए और दुकान मालिक को पिस्तौल की बट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके अगले ही दिन, गुरुवार को बिष्टुपुर गुरुद्वारा के समीप दिन के उजाले में व्यवसायी साकेत अग्रवाल से अपराधियों ने बंदूक के दम पर 30 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। भाजपा ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर में अपराधियों का दुस्साहस चरम पर है। बिष्टुपुर में व्यवसायी से 30 लाख की लूट साबित करती है पुलिस प्रशासन अपराधियों के आगे पूरी नतमस्तक हो गए हैं। यह शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। एक औद्योगिक नगरी, जो देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, वहां व्यापारी और आम नागरिक अपनी मेहनत की कमाई और जान की सुरक्षा के लिए प्रतिदिन संघर्ष कर रहे हैं। दिनदहाड़े गोलीबारी और लूट की वारदातें पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता और सरकार की नाकामी का जीता-जागता सबूत हैं। झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में मशगूल है। उन्होंने कहा भाजपा लौहनगरी को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

बालू घाटों की नीलामी पर भाजपा का विरोध

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होते ही भाजपा नेता सावन गुप्ता ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया सरकार बड़े कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए बालू घाटों को समूह में नीलाम कर रही है।ग्रुप ए (चांडिल) की नीलामी लगभग 25 करोड़ रुपये से और ग्रुप बी (सरायकेला) की नीलामी लगभग 20 करोड़ रुपये से शुरू होगी।उन्होंने कहा इतनी बड़ी रकम के कारण छोटे कारोबारी टेंडर प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने मांग की घाटों की अलग-अलग नीलामी हो, जिससे छोटे व्यापारी भी शामिल हो और राजस्व में वृद्धि हो सके।

मोदी सरकार का ऐतिहासिक दिवाली तोहफा, जीएसटी में भारी राहत : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने जीएसटी में किए गए बड़े सुधार का स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।श्री काले ने कहा यह निर्णय आम जनता, किसानों, छात्रों, कारोबारियों और मध्यमवर्ग के लिए राहत भरा है।काले ने बताया रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर टैक्स घटाकर 5% कर दिया गया। किसानों को भी राहत देते हुए ट्रैक्टर, टायर, पार्ट्स और कृषि यंत्रों पर टैक्स 5% कर दिया गया।स्वास्थ्य क्षेत्र में इंश्योरेंस टैक्स मुक्त और मेडिकल उपकरणों पर टैक्स घटकर 5% रह गया। शिक्षा क्षेत्र में पेंसिल, नोटबुक और ग्लोब्स टैक्स मुक्त कर दिए गए। वहीं टीवी, एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर टैक्स 28% से घटाकर 18% किया गया।काले ने कहा यह सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। देश के हर वर्ग को लाभ मिलेगा और भारत विकास के नये आयाम स्थापित करेगा।

पूर्व सीएम रघुवर करमा पूजा की शोभायात्रा में हुए शामिल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। करमा पूजा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान भालूबासा चौक पर भव्य सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने शामिल होकर श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को शर्बत, खाद्य पदार्थ और ठंडा पानी वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समाज के उरांव, मुंडा, भुइयां, तुरी और मुखी समाज के अखाड़ों के प्रमुख जनों को माला पहनाकर अभिनंदन किया। रघुवर दास ने कहा कि करमा पूजा प्रकृति के प्रति श्रद्धा और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध परंपराओं के प्रतीक है। यह पर्व हमें एकजुटता, भाईचारे और पर्यावरण प्रेम का संदेश देता है। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन यादव, टुनटुन सिंह, राजन सिंह, बबुआ सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घाटशिला की जनता का अपमान बर्दाश्त नहीं, सांसद आदित्य साहू माफी मांगें : विक्टर सोरेन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू द्वारा कुख्यात अपराधी सूर्या हांसदा को हीरो बताते हुए दिया गया हालिया बयान विवादों में आ गया है। गुरुवार को झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन ने इसे घाटशिला की जनता और उनके जनप्रतिनिधियों का सीधा अपमान करार दिया। विक्टर सोरेन ने कहा जिस व्यक्ति पर हत्या, अपहरण, रंगदारी और आगजनी जैसे 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हों, उसे घाटशिला की जनता के प्रतीक बताना शर्मनाक है। श्री सोरेन ने मांग की सांसद आदित्य साहू सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस अपमानजनक बयान का उपचुनाव में जनता करारा जवाब देगी।

श्रद्धांजलि : नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवानों की शहादत से पलामू सहित पूरा राज्य मर्माहत

नक्सली सरेंडर करें, नहीं तो मरने को तैयार रहें : आइजी

- कहा : मार्च 2026 तक झारखंड से नक्सलियों का हो जाएगा पूरी तरह सफाया
- पुलिस लाईन में शहीद जवानों के परिजनों की चित्कार से गमगीन हुआ माहौल
- शहीद जवानों को पुलिस के वरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने दी सलामी

आजाद सिपाही संवाददाता

नक्सलियों से मुढभेड़ में शहीद हुए सुनील राम और संतन मेहता।

शहीदों को सलामी देते पुलिस के आला अधिकारी।

मेदिनीनगर/मनातू/पलामू। पलामू जिला के अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव के समीप जंगल क्षेत्र में करमा पर्व की रात में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी और पलामू पुलिस के साथ बुधवार की रात 12 से एक बजे के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो जवान संतन कुमार मेहता और सुनील राम शहीद हो गये। जबकि रोहित कुमार नामक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका ईलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उधर, मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने घटनाक्रम पर नजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की। लेकिन तब तक मुठभेड़ समाप्त हो चुका था और नक्सली रात और घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इसके बाद एसपी ने झारखंड जगुआर एवं जिला बल के साथ पूरे इलाके को सील कर सर्च आंपरेशन प्रारंभ कर दिया। दूसरी ओर, नक्सलियों से मुठभेड़ और दो जवानों के शहीद होने की सूचना पाकर पलामू प्रक्षेत्र के डीआइजी नौशाद आलम एवं जिले के वरीय पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंच गये। वे स्थिति पर नजर बनाये हुए थे। गुरुवार को शहीद जवानों का अंत्यपरीक्षण कराने के बाद पुलिस लाईन में श्रद्धांजली सभा आयोजित की गयी। जहां शहीद जवान के परिजनों की चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। सभी की आंखे नम हो चुकी थी। इस मौके पर अभियान आईजी माईकल राज एस ने घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सली संगठन समाप्ति की कगार पर है। कुछ संगठन छोटे टुकड़ी में बंटे हैं। उन्हीं की ओर से छिटपुट घटना को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने नक्सलियों को चेताते हुए कहा कि जितना जल्द हो वे आत्मसमर्पण करें, वरना पुलिस के जवाबी कार्रवाई में मारे जायेंगे। कहा कि मार्च 2026 तक झारखंड से नक्सलियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए पुलिस विशेष कार्य कर रही है। मार्च 2026 में झारखंड को नक्सल मुक्त राज्य घोषित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन शहीदों का बदला पुलिस नक्सलियों से अविलंब लेगी। वहीं शहीद जवानों एवं घायल जवान के परिजनों से मिलकर ढांढ़स भी बंधाया। इस दौरान श्रद्धांजली देने वालों में झारखंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइक राज एस, आईजी एसटीएफ अनुप बिरथरे, आईजी पलामू सुनील भाष्कर, डीआइजी नौशाद आलम, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेसन, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, हुसैनाबाद डीएसपी मो याकूब, छतरपुर डीएसपी, थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम मेयर अरूणा शंकर, जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, दीपक तिवारी, सन्नू सिद्दिकी, मंगल सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अधिकारी आदि शामिल थे।

मुख्य सचिव ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में परिवार सहित की पूजा

देवघर (आजाद सिपाही)। राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके बाद मुख्य सचिव ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उपस्थित डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया। मौके पर डीडीसी पीयूष सिन्हा एवं संबंधित अधिकारी, दंडाधिकारी आदि उपस्थित थे।

ऐतिहासिक होगा संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ का वार्षिक पूजनोत्सव सह मिलन समारोह

देवघर (आजाद सिपाही)। संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ का वार्षिक पूजनोत्सव सह मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। अखिल भारतीय मध्य देसीय वैश्य सभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह ने बताया कि हलवाई समाज स्वजाति भक्तों को सूचित करना है कि शनिवार को बाबा बैजनाथ की पुणितनगरी देवघर के नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 भगवान प्लेस (शहीद आश्राम) रोड़ में श्रीश्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 45वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाना है। इसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस पूजन कार्यक्रम में शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वजाति छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, बिहार एवं झारखंड के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोग हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कार्यक्रम समारोह समिति अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह, प्रदेश अध्यक्ष कुंदन गुप्ता, मद्धेशिया वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश साह, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप विवेक, प्रदेश संरक्षक शंकर साह, प्रदेश संरक्षक काशीनाथ साह, जिला अध्यक्ष नरेश कुमार साह, जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार साह, जिला सचिव अजीत कुमार साह, जिला कोषाध्यक्ष गणेश कुमार साह, अनुपलाल साह, रामनाथ साह, विक्रम कुमार गुप्ता, रामाकान्त साह, आदित्य गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता, संजय साह, कृष्णा गुप्ता, नागेंद्र कुमार साह, देवेंद्र साह, पप्पू गुप्ता, संजय गुप्ता और अमित कुमार आदि की भूमिका सराहनीय है।

भाजपा नेता ने आयुष चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर उठाया गंभीर सवाल

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध क्लीनिकों और नर्सिंग होम पर डीसी समीरा एस द्वारा की जा रही कार्रवाई की सराहना करते हुए हरिहरगंज भाजपा मंडल के पूर्व विसूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर आयुष चिकित्सकों की ओर से संचालित कुछ नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दिनेश प्रसाद गुप्ता ने आरोप लगाया कि शहर में कई आयुष चिकित्सक, जिनकी विशेषज्ञता आयुर्वेद, होम्योपैथी अथवा यूनानी में है, वे बिना उचित अनुभव और योग्यता के बड़े-बड़े नर्सिंग होम चला रहे हैं। इन संस्थानों में मरीजों के साथ लापरवाही की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे मरीजों की हालत गंभीर हो रही है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव का हवाला देते हुए बताया कि बीते 8 जुलाई को उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इलाज के लिए वे शहर के गुलमोहर नर्सिंग अस्पताल में गए थे। जहां एक्स-रे के बावजूद फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हो सकी। नर्सिंग होम संचालक डॉ प्रमोद वर्मा भी फ्रैक्चर न होने की बात कही। बाद में जब दर्द बढ़ा तो उन्होंने एक अन्य क्लिनिक में जांच करवाई, जहां उनके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। उन्होंने डॉ वर्मा पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वह आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं, तो होम्योपैथिक या एलोपैथिक पद्धति से इलाज क्यों कर रहे हैं। यह न केवल मरीजों की जान से खिलवाड़ है, बल्कि चिकित्सा नियमों का उल्लंघन भी है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया है कि ऐसे सभी नर्सिंग होम की जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में डॉक्टर प्रमोद कुमार वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया। कहा कि हमारी एक्स-रे रिपोर्ट के अनुसार उस समय कोई स्पष्ट फ्रैक्चर नजर नहीं आया था। कई बार सूजन या प्रारंभिक अवस्था में फ्रैक्चर की पुष्टि तुरंत संभव नहीं होती है। हमने मरीज को आराम की सलाह दी थी और आवश्यकता पड़ने पर दोबारा जांच कराने को भी कहा था। मरीज की भलाई ही हमारी प्राथमिकता है।

मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों के परिजन को मुआवजा और नौकरी देने की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पलामू जिले में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में हैदरनगर थाना क्षेत्र के परता और बरेवा गांव के जवानों की शहादत पर विधायक संजय सिंह यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। विधायक ने कहा कि संतन मेहता और सुनील राम की शहादत ने साबित कर दिया है कि हैदरनगर की धरती वीरों की जननी है। इन दोनों सपूतों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से शहीद के परिवारों को सम्मानजनक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठाने की मांग की है। कहा कि यह समाज और सरकार की जिम्मेदारी है कि शहीदों के परिजनों का भविष्य सुरक्षित हो।

जीएसटी दरों में कटौती का भाजपा नेता ने किया स्वागत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी की दरों में की गयी ऐतिहासिक कटौती का भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्य सोनल सिंह ने स्वागत किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से जनता से जो वादा किया था, उसे निभाते हुए अब देश की अर्थव्यवस्था और जनजीवन को बड़ी राहत प्रदान की है। कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं है, बल्कि यह निर्णय देश की आम जनता, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योग सभी के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। अब दवाइयां और स्वास्थ्य सेवाएं पहले से कहीं अधिक सस्ती होंगी। जीवनरक्षक दवाओं को शून्य प्रतिशत जीएसटी के दायरे में लाना और अन्य आवश्यक दवाओं को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत पर लाना मोदी सरकार का यह संदेश है कि हर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार को किफायती इलाज मिले। वहीं सरकार ने किसानों के हितों का भी विशेष ध्यान रखते हुए खाद, यूरिया और कृषि इनपुट्स को शून्य प्रतिशत पर लाकर खेती की लागत घटाने का बड़ा कदम उठाया है। बीज और कीटनाशकों पर कर कम कर दिया है। ट्रैक्टर, पंप, हार्वेस्टर जैसे कृषि उपकरण अब सस्ते होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। कहा कि मोदी सरकार ने यह संदेश दिया है कि उसका हर निर्णय जनता के जीवन को आसान और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है।

एक्सिस बैंक की मधुपुर शाखा ने स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता

मधुपुर (आजाद सिपाही)। एक्सिस बैंक की मधुपुर शाखा की ओर से गुरुवार को स्कूली बच्चे-बच्चियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया। इसका उद्देश्य छात्रों में छिपी कलात्मक प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विकसित करते हुए बच्चों को कला और चित्रकला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। एक्सिस बैंक के मधुपुर शाखा मैनेजर कौशल कुमार राय ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्हें अनुभव मिलता है। उक्त प्रतियोगिता शहर के कुंडो बांग्ला रोड स्थित संत जेवियर स्कूल मं आयोजित हुई, जिसके नर्सरी से कक्षा तीन तक के करीब 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस तरह का कार्यक्रम देवघर जिले में चार ब्रांच में किया जा रहा है, जिसमें मधुपुर, देवघर के दो ब्रांच एवं जरमुंडी शामिल है। एक साथ सभी चित्रकला प्रदर्शन को भेज कर बेहतर करने वाले बच्चे-बच्चियों को विशेष शाखा के अधिकारी विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर रोहित रंजन, चंदन राय, वैभव विशाल, अवधेश विश्वास, अंजली राज आदि उपस्थित थे।

सतबरवा पेट्रोल पंप के सर्विस टैंकर से डीजल चोरी

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा एनएच-39 पर स्थित गणेश लाल धर्मचंद पेट्रोल पंप के डीजल सर्विस टैंकर से अज्ञात कार सवार चोर डीजल चोरी कर फरार हो गये। चोरों ने करीब 25 मिनट तक घटना को अंजाम दिया। उक्त करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार कार में सवार तीन अज्ञात चोर रांची की ओर से आए और पेट्रोल पंप पर खड़ी सर्विस टैंकर की टंकी का सील तोड़कर डीजल चोरी कर वापस रांची की ओर फरार हो गया। सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण और उसका संरक्षण जरूरी : पद्माकर

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग की ओर से गुरुवार को संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण एवं नर्सरी विकास योजना के तहत पौधा रोपण किया गया। इसके अलावा 240 किसानों के बीच इमरती एवं फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बेलचंपा स्थित प्रशिक्षण केंद्र परिसर में किया गया था। जिसका संचालन सीएसआर विभाग के अधिकारी अनिल गिरी ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रकृति का संतुलन बनाये रखना है, ताकि मौसम परिवर्तन एवं इससे उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं को कम किया जा सके। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ही इस योजना का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। फलदार और इमारती पौधों की बागवानी से किसान मौसम आधारित खेती पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहेंगे। इस दौरान प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किया। बताया कि कैसे बागवानी एवं नकदी फसलों से उनकी आय में वृद्धि हुई है। अंत में प्रशिक्षण केंद्र परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत 200 पौधे लगाया गया। साथ ही चयनित 240 किसानों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक जनसंपर्क विकास कुमार, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के नवनियुक्त डिप्लोमा इंजीनियर्स, जन सेवा ट्रस्ट के मोहम्मद कैफ, आफताब अंसारी, नागेंद्र प्रसाद यादव, शिवलाल पासवान, भोला सिंह, गोपीनाथ विश्वकर्मा, सत्येंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, अनीता देवी, श्रीकांत सिंह, योगेश पाल आदि मौजूद थे।

नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने को उनके गांव में लगी तीन किमी लंबी कतार

हैदरनगर के लोगों ने दी शहीद को श्रद्धांजलि, कहा- इनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा

- विधायक, पूर्व विधायकों, एसडीपीओ और मुखिया सहित सैकड़ों लोगों ने भी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के मनातू के केवल जंगल में नक्सली संगठन टीएसपीसी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में हैदरनगर के दो जवान शहीद हो गए। यह खबर हैदरनगर पहुंचते ही मृत जवान सुनील राम और संतन मेहता के पैतृक गांव परता और बरेवा सहित पूरे इलाके में मातम छा गया। संतन मेहता हैदरनगर के बरेवा, जबकि सुनील राम परता गांव के रहने वाले है। दोनों गांव में सन्नाटा पसरने के साथ ही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं, क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग अपने लाल की शहादत पर गमगीन होने के साथ ही गर्व भी कर रहे हैं। शहीद के गांवों में शव आने से पूर्व ही दोपहर से विधायक संजय कुमार सिंह यादव, राजद प्रदेश सचिव रिजवान खान, कलामुद्दीन खान, खुर्शीद खान आदि डटे रहे। हैदरनगर में शव प्रवेश करते ही मृतक के घर तक तीन किलोमीटर दूरी तक लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी अफजल अंसारी, अंचल अधिकारी संतोष कुमार सहित जिला से आए सैकड़ों जवानों के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने शहीद जवान के शव को घर तक पहुंचाया। शहीद जवानों का पार्थिव शरीर हैदरनगर पहुंचचे ही माहौल गमगीन हो उठा। हर किसी की आंखें नम थीं। लोग अपने वीर सपूतों को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि इनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। वहीं, शोक व्यक्त करने वालों में विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूज मेहता, जिला परिषद संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार कौशल, मुखिया जितेंद्र सिंह, डॉ अजय जायसवाल, विवेकानंद सिंह, अरुण मेहता, दयाशंकर मेहता आदि शामिल रहे।

डीएवी भंडारकोला में बैज समारोह का आयोजन

देवघर (आजाद सिपाही)। सातर रोड स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में बैज समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य प्रतिनिधियों के रूप में बैज प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओ, बिजली विभाग, बासुकिनाथ राजकमल रजक, विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा, सहोदया देवघर के अध्यक्ष रामसेवक सिंह गुंजन, रेड रोज के प्राचार्य अनिल पांडे और गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने किया। इसके बाद चयनित छात्रों को बैज पहनाकर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई गई। वहीं, प्राचार्य बलराम कुमार झा ने सभी बैजधारी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ईमानदारी, सहयोग और टीमवर्क के साथ विद्यालय का गौरव बढ़ाएं।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
10

प्राकृतिक पर्व करमा धूमधाम से मनाया

सिसई (आजाद सिपाही)। भादो महीने के शुक्ल पक्ष एकादशी को मनायी जाने वाली प्राकृतिक पर्व करमा पूजा सिसई प्रखण्ड क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जो भाई बहनों के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लम्बी उम्र के लिए विशेष रूप से व्रत रखती हैं और करम डाली गाड़कर पूजा अर्चना करती हैं। यह उत्सव मुख्य रूप से झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा जैसे राज्यों के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाने वाला त्योहार है जो प्रकृति से जुड़ा हुआ भाई बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक है। कुदरा पंचायत में शाम को गांव के पाहान पुजार, बुजुर्ग तथा युवतियां नये वस्त्र पहनकर मांदर की थाप पर नाचते गाते हुए करम डाली काटने के लिए बगीचा स्थित करम पेड़ के पास पहुंचे और करम पेड़ की पूजा कर तीन डालियां काटकर नगर भ्रमण कराते हुए घर के आंगन व अखरा में विधिपूर्वक गाड़ा गया। व्रती महिलाएं एवं युवतियां रात को सजी हुई थालियों के साथ करम राजा का पूजन कर अपने भाइयों की लंबी उम्र की प्रार्थना की। प्रखंड क्षेत्र में लोग मांदर के थाप पर पारंपरिक लोक गीत संगीत व नृत्य करते हुए रातभर महिला पुरुष व बच्चे थिरकते रहे और उत्सव का आनंद उठाते रहे। अहले सुबह करम डाली को पास के तालाबों और नदियों में विसर्जित किया गया।

करम डाली के विसर्जन के साथ करमा संपन्न

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्राकृतिक एवं भाईचारे का करमा पर्व बिशुनपुर प्रखंड में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस निमित्त गांव के बैगा पूजा के द्वारा बुधवार की शाम कर्मा की डाली काटकर पूजा स्थल पर लाया गया। जहां विधिवत करमा डाली को जमीन में लगाने के बाद पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर विकास भारती द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन में भी करमा पूजा का आयोजन किया गया। जहां लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि करमा पर्व प्राकृतिक एवं भाईचारे का पर्व है। इस पर्व को लोग खेती बारी से निकलने के बाद मनाते हैं। गांव के किसान कर्मा त्यौहार पर अपने खेत खलियान एवं अन्य जगहों पर भी कर्मा की डाली को गाड़ कर अच्छी फसल की कामना करते है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व प्रकृति का पर्व है। इसमें करमा की डाली की पूजा की जाती है। पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया जाता है। त्योहार में खासकर बच्चियां एवं महिलाएं अपने भाई की लंबी आयु के लिए पूरे गांव के लोग एक जगह इकट्ठा होकर करती है। उन्होंने लोगों को करमा पर्व की बधाई दी। इस मौके पर महेंद्र भगत थाना प्रभारी, अर्जुन कुमार यादव, केदार साहू, भिखारी भगत, चंपा भगत, संजय कुमार पांडे, जगत ठाकुर, पंकज सिंह कौशल कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इधर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि में करमा देव का पूजा उपरांत गुरुवार सुबह पवित्र नदियों में विसर्जन के साथ ही करमा पर्व हर्षोल्लास संपन्न हो गया। गुरुवार की सुबह ज्ञान निकेतन एवं आश्रम की छात्र छात्राएं सहित महिलाओं ने विदाई गीत के साथ नाचते गाते कम डाली को नदी में प्रवाहित किया और भाइयों के सुख समृद्धि की कामना की।

सड़क जाम की घोषणा के बाद मरम्मत शुरू

घाघरा (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह द्वारा 24 घंटे में सड़क मरम्मति नहीं होने की स्थिति में सड़क जाम की घोषणा के बाद घाघरा चांदनी चौक स्थित नेशनल हाइवे सड़क जो जर्जर और गड्ढे होकर जानलेवा हो गये थे जिसकी मरमती शुरू हुई। तत्पश्चात सड़क जाम और अन्य कार्यक्रम को झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा वापस ले लिया गया है। विदित हो कि पिछले एक सप्ताह से भी ज्यादा दिनों से स्थानीय सांसद-विधायक, जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण चांदनी चौक स्थित नेशनल हाईवे सड़क जर्जर होकर गड्ढे हो गए थे जहां बस, एम्बुलेंस, टेंपो, इत्यादि छोटी-बड़ी गाड़ियां तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी साइकिल में आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक द्वारा कड़े कदम उठाते हुए 24 घंटे का जिला प्रशासन और सरकार को अल्टीमेटम दिया गया था कि अगर सड़क मरम्मति कार्य शुरू नहीं हुई तो सड़क जाम जनहित में किए जायेंगे। तत्पश्चात सड़क मरम्मति का कार्य शुरू किये गये और आवागमन सुलभ बनाया गया। इस कार्य में प्रखंड व जिले के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों तथा आम जनों का भी अपेक्षित सहयोग रहा जिसके कारण जिला प्रशासन को 24 घंटे में सड़क मरम्मति कर आवागमन सुलभ बनाना पड़ा। इस कार्य के लिए झारखंड नवनिर्माण दल व ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट प्रखंड समिति ने मीडिया कर्मियों तथा आम जनों को बधाई दी है।

लगातार बारिश से किसान का कच्चा घर गिरा

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला में लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बारिश से हानि हो रही है। गुमला प्रखंड के बिंदा पंचायत अंतर्गत टेंसेरा गांव निवासी सुरेंद्र साहू का कच्चा मकान लगातार हो रहे बारिश से ध्वस्त हो गया। घटना गुरुवार दिन के 2 बजे की है। बारिश के कारण सभी लोग घर पर ही थे। इसी बीच मवेशियों को रखने वाला गोहार घर भर भरा कर गिर गया जिससे मवेशी दब गए और उन्हें चोट भी लगी। मवेशी किसी तरह निकल कर बाहर आए वहीं घर के सदस्यों ने घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। घर के धवस्त होने से किसान बेघर हो गया। घर में रखें सामान भी नष्ट हो गए घटना की सूचना पीड़ित ने वृद्धा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी को दिया मुखिया ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने बताया घटना में अनाज भी नष्ट हो गया।

स्पीकर देने से मना करने पर युवक की गला घोंट कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ पतरा में बरामद चंपा उरांव का शव मामले में पुलिस के तकनीकी अनुसंधान के बाद हत्यारोपी नेयाशीद बक्स को गिरफ्तार कर गुरुवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नेयाशीद बक्स फोरी का रहने वाला है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित ईंट भट्ठा में ट्रैक्टर चलाने का काम करता था करीब दो माह पूर्व भी वह घर लौटा था घर आने के बाद मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था घटना के दिन आरोपी अपने दोस्त चंपा उरांव के साथ बाइक में मछली मारने नदी किनारे जंगल गया था। इससे पूर्व दोनों ने शराब पी लिया था। नदी से लौटने के दौरान चंपा उरांव के पास एक काला ब्लूटूथ स्पीकर को नेयाशीद बजाने के लिए मांगा। इस पर चंपा ने गाली गलौज करते हुए स्पीकर देने से इनकार कर दिया। इसी बात पर दोनों के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई और देखते ही देखे झगड़ा बढ़ गया। आरोपी ने चंपा को जमीन पर पटक दिया और उसके सीने में चढ़कर गला दबा दिया। इसके बाद आरोपी ने अपने सफेद गमछे से चांपा का गला कसकर बांध दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हत्या के बाद आरोपी घबराकर घटना स्थल से भागने लगा। इसी दौरान उसका रुमाल गमछा और ब्लूटूथ स्पीकर भी घटना स्थल पर छूट गया। भागने क्रम में करीब 1 किलोमीटर दूर खेत में उसका जींस और बरसाती चप्पल भी गिर गया। इसके बाद आरोपी अपने रिश्तेदार शमशेर अंसारी के घर जाकर रात गुजारी और अगले दिन अपनी बहन के घर भरनो चला गया।

गुरुवार की सुबह आरोपी अपने घर का लौटा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया पूछताछ में उसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए हत्या की बात स्वीकार कर ली। छापामारी दल में थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, उदेश्वर पाल, जमाल अंसारी, नौशाद परिया, पंकज महतो अशफाक अंसारी विमल बर्मन और यावर खान शामिल थे।

प्रतिबंधित मांस को बेचने आये दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के गोरियाडीह गांव में प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने आए दो व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ा। इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने घाघरा थाना को दी। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी पुनीत मिंज दलबल के साथ गोरियाडीह गांव पहुंचे। जहां दोनों आरोपियों के साथ मोटरसाइकिल और झोले में रखे प्रतिबंधित मांस को कब्जे में लेकर थाना आये। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि अहले सुबह ग्रामीण गांव में घूम रहे थे। इसी क्रम में पैशन प्रो एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति झोले में मांस लेकर बिक्री करने के नियत से पहुंचे। इसी क्रम में पूछताछ पर पता चला कि वह प्रतिबंधित मांस है। जिसकी बिक्री करने दोनों व्यक्ति आये हुए हैं। ग्रामीणों की मदद से दोनों को पकड़ा गया और इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गये। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर दोनों आरोपियों को पकड़कर थाना लाया गया है। पूछताछ में एक व्यक्ति ने अपना नाम टोटो निवासी सोनू कुरैशी, सीसी कतरी ग्राम निवासी एनुअल खान बताया है। मामले की छानबीन के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ईद मिलादुन्नबी को लेकर बज्म ए रब्बानी ने किये कई कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। ईद मिलादुन्नबी को लेकर बज्म ए रब्बानी ट्रस्ट एंड एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें 4 से 7 वर्ष तक के बच्चों के लिए पेंटिंग की प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। वहीं 8 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए तकरीर और क्विज की प्रतियोगिता तथा 13 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं के लिए क्विज की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5: बजे तक अनवरत यह कार्यक्रम चला रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। बज्म ए रब्बानी एजुकेशन फाउंडेशन के सदर फिरोज उर्फ पप्पू रब्बानी ने बताया कि हजरत मोहम्मद के दुनिया में तशरीफ लाये हुए आज 1500 साल पूरे हो गये हैं, लेकिन आज भी उनके आने की खुशी इस जोश खरोश के साथ मनायी जाती है। इस अवसर पर मुसलमान जुलूस निकालते हैं। घरों को सजाते हैं। साथ ही विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम के आयोजन किये जाते है। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के निदेशक आफताब अंजुम की निगरानी में किया गया। ट्रस्ट के आमिर रब्बानी, तहसील रब्बानी, शादाब रब्बानी, हसन रब्बानी एखलाक रब्बानी, इम्तियाज रब्बानी, सफदर अली, उस्मान खान साबिर रब्बानी, रागिब रब्बानी, आजाद कुरेशी, मोहम्मद सामू, एजाज अहमद, फैजान अंसारी, अशफाक आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

महिला के खोये मोबाइल से 65 हजार रुपये ट्रांसफर

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदा थाना क्षेत्र के ढोठा टोली निवासी एक महिला ने गुमला थाना को आवेदन देकर 66 हजार 484 रुपए ऑनलाइन ठगी को लेकर कार्रवाई की मांग हेतु गुरुवार की शाम 7 बजे आवेदन दिया है। थाना को दिए आवेदन के अनुसार 3 सितंबर को डुमरी से गुमला आने के क्रम में रायडीह और गुमला के बीच मोबाइल गुम हो गया था और उसी दिन शाम उसे मोबाइल पर कॉल करने पर पालकोट रोड स्थित साहू नर्सिंग होम के पास बुलाकर महिला के बेटे को मोबाइल फोन एक लड़की के द्वारा दिया गया। जब घर आकर मोबाइल को चेक किया गया तो 66 हजार 484 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर दिख रहा है। चेक करने पर इतना ही राशि बैंक से कट गया है। जबकि मोबाइल लॉक अवस्था में ही मिला। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने गुमला थाना को आवेदन देकर जांच के उपरांत कार्रवाई की मांग की है।

दो दिन से लापता अधेड़ का शव कुएं से बरामद

पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र के झिकिरमा कबरा टोली गांव निवासी आश्मीन सोरेंग उम्र 50 वर्ष का शव कुए से बरामद आशंका जतायी जा रही है कि आश्मीन की मौत कुएं में गिरने से हुई है। मृतक के चचेरा भाइ जेम्स सोरेंग ने बतलाया कि मृतक आश्मीन 2 तारीख शाम से लापता था जिसे खोजबीन कर रहे थे। गुरुवार की सुबह कुआं के पास छाता मिला तो शंका हुआ कि कही कुआं में तो नहीं गिरा है और कुआं देखा गया तो शव कुआ में ही पड़ा था। जिसकी सूचना पालकोट थाना को दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र की अदालत ने गुरुवार की अपराह्न 4 बजे बिशुनपुर जालिमा निवासी शिवलाल उरांव को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाया। इसके अलावा 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ सकता है। घटना 14 जनवरी 2023 को जमीन विवाद में हत्या हुई थी। जिसमें आरोपी शिवलाल उरांव के द्वारा कुदाल से वार कर 60 वर्षीय किसान पाही उरांव का हत्या कर दिया था।

युवक के खाते से दस हजार की ठगी

कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव के युवक रविरंजन यादव के खाता से साइबर अपराधियों ने 10 हजार 133 रुपया उड़ा दिया। साइबर अपराधी ने 28 अगस्त को शाम में मोबाइल नंबर 8409655392 से कॉल कर कहा कि इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में आप पैन कार्ड नंबर वेरीफाइ करवा लीजिए, नहीं तो ब्रांच में आकर सही करवा लीजिए। आज अंतिम दिन है। अगर खाता में पैसा आप डालियेगा तो फंस जायेगा।

चतरा की खबरें

करमा पूजा झारखंडी सभ्यता संस्कृति और हमारे पूर्वजों की समृद्ध विरासत है : सत्यानंद भोगता

चतरा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के कुन्दा प्रखंड पहुंचे। इस दौरान श्री भोगता ने झारखंड के पावन प्रकृति पर्व करमा पूजा के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेरियाचक खेल मैदान में एवं ग्राम चाया में आयोजित करमा मिलन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। साथ ही करम के डाली की पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में सुख शांति की कामना करते हुए सभी उपस्थित लोगों को करमा पूजा की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करमा पूजा झारखंडी सभ्यता संस्कृति एवं हमारे पूर्वजों का समृद्ध विरासत है। यह भाई बहनों का पवित्र त्यौहार है। यह पर्व झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ ओडिशा मध्यप्रदेश आदि राज्यों में भाद्रपद मास के एकादशी तिथि को धूमधाम से मनाया जाता है। उक्त कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, राजद युवा नेता श्याम भोक्ता, राजद युवा नेता दीपक साहू, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कमलेश यादव, पूर्व मुखिया सुनीता देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

पीएलवी ने चलाया नशा उन्मूलन अभियान

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशानुसार अधिकार मित्र कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा प्रखंड के सेलवार गांव में नशा उन्मूलन अभियान चलाया गया। उपस्थित ग्रमीणों को नशा से हो रहे नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। तथा इससे समाज में हो रहे दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। नालशा द्वारा जारी नि:शुल्क विधिक सहायतार्थ टोलफ्री हेल्पलाइन न 15100 की जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशीली पदार्थ के व्यापार एवं सेवन करना दोनों कानूनन अपराध है। कड़ी से कड़ी सजा का प्रवधान है ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय में 21 सिंतबर को लोक अदालत में अधिक अधिक संख्या में भाग लेने के जानकारी दिया गया।

भाजपा नेता के पुत्र का निधन

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कोबना पंचायत अंतर्गत बहेरी गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सह हंटरगंज मंडल के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के छोटे पुत्र रोहित कुमार का ब्रेन ट्यूमर से निधन हो गया। वह 22 वर्ष का था। उसका इलाज एक महीने से बेंगलुरु के टीएमसी नामक एक निजी अस्पताल में चल रहा था। सोमवार की मध्य रात्रि में उसका अचानक तबियत बिगड़ा, जिसके बाद उसने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उसका पार्थिव शरीर बेंगलुरु से सड़क मार्ग से गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे पैतृक गांव बहेरी लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातम पसरा रहा। इसकी जानकारी मिलते ही उनके घर चतरा सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान सहित कई नेता पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। इस दौरान सांसद श्री सिंह तथा विधायक श्री पासवान ने मृतक परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके अलावा सांसद और विधायक ने इसी गांव के अशोक लाल के घर पहुंचे। जहां दो दिन पूर्व कुएं में डूबने से अशोक के पुत्र की मौत हुई थी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह,शिवकुमार चौबे, जैनेंद्र सिंह, अरुण चौरसिया, मुन्ना सिंह, गुंजित कुमार, अनुज कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, अप्पू आर्य सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जामटोली में पेड़ से टकरायी बाइक, युवक की हुई मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोहीपाट पंचायत अंतर्गत जामटोली गांव में पेड़ में टकराने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में सिरकोट ग्राम निवासी आकाश महली, इटकीरी ग्राम निवासी सोनू महली, मृतक कार्तिक लोहरा घोड़ा टांगर ग्राम निवासी शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया जहां चिकित्सक ने कार्तिक लोहरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सोनू महली को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
गुरू ब्रह्मा, गुरूविष्णुः गुरू देवो महेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परमं ब्रह्मा तस्मै श्री गुरूवे नमः।।
निवेदक
दिलीप कुमार राय
प्रांतीय मीडिया प्रभारी
झरोटेफ, झारखंड।
मो. नं.: 9934399159
जिसमें हमेशा सिखने की ललक रहती है वह जीवन में हमेशा आगे बढ़ता है।
सभी गुरुजनों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर मैं सभी विद्यार्थियों को संदेश देना चाहता हूं कि ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है। आप सब भविष्य के दीपक हो।
शिव शंकर झा
उत्क्रमित उच्च विद्यालय,
ओझाडीह, सारठ, देवघर।
हमेशा सीखने की आदत रखो, सवाल पूछो और अच्छे संस्कार अपनाओ।
मेहनत और ईमानदारी ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है।
याद रखो – शिक्षा से ही जीवन सुंदर और सफल बनता है।

आवश्यकता
G7 सिक्योरिटी गार्ड
Guard - 14000
Supervisor - 16000
In Hand Salary
CHOWKA HATA
Mobile No- 8969779654, 7004602184

Yogendra Mistri : 9199053376
Amin Macanic : 8617878251
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhand

A-1 SUREJA INDUSTRIES
GO Green HURRY-E
CHARGE ANYWHERE
No Charging Station Required
3 Hours Charging Time
100 km Cost ₹15 | 3 Years Warranty | Range Upto 130 - 200 Kms As Per Model | Available in Registration & Non Registration Models
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More,
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 150	• Hindi	₹ 150
• English	₹ 150	• English	₹ 150
• Mathematics	₹ 150	• Mathematics	₹ 150
• Science	₹ 150	• Science	₹ 150
• Social Science	₹ 150	• Social Science	₹ 150
• Sanskrit	₹ 150	• Sanskrit	₹ 150
• Hindi – B	₹ 150	• Hindi – B	₹ 150
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 130	• English Grammar– II	₹ 130
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 60	• Hindi Practical	₹ 60
• English Practical	₹ 60	• English Practical	₹ 60
• Maths. Practical	₹ 70	• Maths. Practical	₹ 70
• Science Practical	₹ 70	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 75	• S. Science Practical	₹ 75
• Sanskrit Practical	₹ 60	• Sanskrit Practical	₹ 60
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 90
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 90
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 230
• Science	₹ 220	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 230	• Social Science	₹ 230
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 100	• S. Science Practical	₹ 90

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
11

जबरन विस्थापित करने का करेंगे विरोधः अभिषेक

झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के बरारी में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तारीकरण में बाधक बनी छाता धौडा मुहल्ले को विस्थापित को लेकर प्रबंधन की ओर से दिये गये नोटिस के विरोध में लोगों ने गुरुवार को जमसं (बच्चा गुट) के महामंत्री अभिषेक उर्फ गुड्डू सिंह के साथ दुर्गा मंदिर में बैठक कर आंदोलन करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर गुड्डू सिंह ने कहा कि वे कोयला खनन के विरोधी नहीं है, लेकिन प्रबंधन ने मोहल्लेवासियों को मूलभूत सुविधाओं सहित विस्थापन नीति के बगैर विस्थापन करने की जबरन कोशिश की तो क्षेत्र के आउटसोर्सिंग परियोजना को चलने नहीं दिया जाएगा। कहा कि प्रबंधन ने पहले मुहल्ले के लोगों के साथ बैठक कर डिगवाडीह कांटा घर एवं जवाहर स्कूल के पास पुनर्वास करने की जो सहमति जताई है उसे अमल करते हुए मुहल्ले के साथ दुर्गा मंदिर का झरिया विधानसभा क्षेत्र में विस्थापन करे। बैठक के बाद गुड्डू सिंह ने समर्थकों के साथ जीएम से उनके कार्यालय में जाकर बात की। बैठक की अध्यक्षता संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शाही और संचालन क्षेत्रीय सचिव मृणाल कांत सिंह ने किया। इस मौके पर अमरजीत यादव, प्रमोद पाठक, संजय तिवारी, निर्मल पाण्डेय, भुवन राजभर, बिनोद और विशाल आदि उपस्थित रहे।

बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे ली थी शरण

वज्रपात की चपेट में आकर दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/सिंदरी। धनबाद जिले के सिंदरी थाना अंतर्गत मनोहरटांड में गुरुवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। उनकी पहचान रोहित महतो और उत्तम मल्लिक उर्फ झंटू के रूप में हुई है। दोनों मनोहरटांड के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक इस दिन शाम चार बजे अचानक बारिश शुरू हो गयी। रोहित और उत्तम बारिश से बचने के लिए हीरक रोड से छाताबाद की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित बजरंग बली के मंदिर के पास स्थित पेड़ के नीचे शरण लेने

वज्रपात की चपेट में आकर मारे गये युवकों की फाइल फोटो।

पहुंच गये, तभी तेज आवाज के साथ हुए वज्रपात की चपेट में दोनों आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय एक क्लिनिक ले गये। वहां से बेहतर इलाज के लिए दोनों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बतातें चलें कि मृतक उत्तम मल्लिक दो बच्चों का पिता था। उसका एक बच्चा पांच साल का है, जबकि दूसरा महज एक साल का है। वहीं, रोहित महतो की अभी शादी नहीं हुई थी। स्थानीय लोगों की मानें तो दोनों युवक दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में गम का माहौल है।

ईद-मिलाद-उन-नबी को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। ईद-मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर गुरुवार को डुमरी पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च डुमरी अनुमंडल कार्यालय से शुरू होकर डुमरी एवं निमियाघाट थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डुमरी इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल और निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार भी मौजूद थे। फ्लैग मार्च में पुअनि रूपेश कुमार, गोपाल कुमार, निकोलेश सोरेन, मणिलाल देवी गहलोत आदि शामिल थे। इस दौरान पुलिस ने आम लोगों से संवाद स्थापित करते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। लोगों से कहा कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दें। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जायेगी।

'लैब विजिट और फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोपः अज्ञात को उजागर करना' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सीएसआइआर जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को बरवा रोड परिसर स्थित सीएसआइआर-सीआइएमएफआर में हुआ। यह कार्यशाला 'लैब विज़िट' और 'फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोपः अज्ञात को उजागर करना' विषयों पर केंद्रित थी। यह कार्यक्रम धनबाद के परघाबाद लिटिल एंजेल्स स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें 30 छात्रों और चार शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। मुख्य वैज्ञानिक एवं समन्वयक (एचआरडी, कौशल एवं जिज्ञासा) अमर नाथ ने छात्रों को विज्ञान को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया और उभरती प्रौद्योगिकियों एवं उनके

भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी, जिज्ञासा, डॉ पल्लबी दास ने छात्रों को जिज्ञासा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्हें फोल्डस्कोप माइक्रोस्कोप की अवधारणा से अवगत कराया। पहला सत्र लैब विज़िट पर आधारित था, जिसमें छात्रों ने सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने खनन, सामग्री परीक्षण और पर्यावरणीय विश्लेषण में उपयोग होने वाले उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों के प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखे। इस अनुभव ने छात्रों को यह समझने में मदद की कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी वास्तविक जीवन की औद्योगिक और सामाजिक चुनौतियों को कैसे हल करते हैं। जबकि दूसरा सत्र फोल्डस्कोप पर केंद्रित था, जो स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (यूएसए) के एक प्रोफेसर द्वारा विकसित कम लागत वाला कागज आधारित सूक्ष्मदर्शी है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रोजेक्ट लीडर (जिज्ञासा) दिलीप दिलीप कुम्भकार ने किया। वहीं, अमरेश चटर्जी, तन्मय, सुनीता कुमारी, रूपा कुमारी और सबिता रॉय ने स्वयंसेवकों के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्श को करें जीवन में आत्मसातः फादर डॉ जोशी वर्गीस

बोकारो (आजाद सिपाही)। सेक्टर चार एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक फादर डॉ जोशी वर्गीस ने देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कहा कि डॉ एस राधाकृष्णन प्रख्यात शिक्षाविद, राजनेता एवं दार्शनिक थे। उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने शिक्षक के रुप में अपना जीवन समर्पित किया। वह भारतीय संस्कृति के संवाहक एवं विचारक थे। उनका मत था कि शिक्षा के माध्यम से ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। वह विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपने व्यवहार में उतारने की शिक्षा देते थे। विद्यार्थियों को सरल और रोचक शैली में शिक्षा प्रदान करते थे। विद्यार्थियों को डॉ एस राधाकृष्ण के आदर्श को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन में रह कर आगे बढ़ना चाहिए। गुरु का सम्मान करना चाहिए, ताकि गुरु-शिष्य की परंपरा हमेशा बनी रहे। वहीं, शिक्षिका राजोश्री हलदर ने शिव-पार्वती की स्तुति करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि माधवी सरकार ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति की। इस दौरान बेहतर कौशल प्रदर्शन के लिए विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जभ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी आदि उपस्थित थे।

बड्स गार्डेन स्कूल में हुआ कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

राजगंज (आजाद सिपाही)। धनबाद क्रीड़ा भारती खेल महोत्सव के तहत दलूडीह बड्स गार्डेन स्कूल में गुरुवार को कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष फूल सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ राजशेखर सिंह, सह मंत्री रितेश कुमार, राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी कंचन सिंह एवं जिला महामारी पदाधिकारी डॉ ऋतुराज अग्रवाल बतौर अतिथि उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रमोद चौरसिया और चेयरमैन एके पाल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कबड्डी में झांसी की रानी ग्रुप ने अहिल्या बाई ग्रुप को 10-8 और 10-9 से मात दी। जबकि राजा राममोहन राय हाउस ने विवेकानंद हाउस को 10-9 और 10-8 से हराया। वहीं, वॉलीबॉल मुकाबले में अटल हाउस ने नेहरू हाउस को 21-15 और 21-18 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर फूल सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद और योग स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती ने प्राचार्य प्रमोद चौरसिया को संरक्षक घोषित कर सम्मानित किया। इसके बाद विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर

बोकारो (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के शनिवार को बोकारो में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सेक्टर एक बी स्थित अग्रसेन भवन में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी जानकारी आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने दी है। उन्होंने बताया कि आप के झारखंड प्रभारी शिवचरण गोयल और प्रदेश सह प्रभारी सुशील सिंह छह सितंबर को बोकारो पहुंचेंगें। उस दिन कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जिसमें पूरे जिले से सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इसके अलावा जोनल कमेटी और प्रदेश के कई अन्य वरीय पदाधिकारी भी शामिल होंगें।

ईद-मिलाद-उन-नबी आज, बोकारो एसपी ने किया गांधीनगर क्षेत्र का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

गांधीनगर/बेरमो। ईद-मिलाद-उन-नबी शुक्रवार को मनायी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार एवं कुरपनिया क्षेत्र का दौरा किया। और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जरीडीह बाजार झंडा चौक में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने उन्हें चुनरी और श्रीफल देकर स्वागत किया। एसपी के ही बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह,

बीटीपीस थाना प्रभारी पिंकु कुमार यादव, गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति सहित कई अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर रिजू खान, अरशद, आरफीन, शान कुरैशी, बबलू सिद्दीकी, मोहम्मद इफ्तिखार, मोहम्मद इमरान फिरोज कुरैशी, मोहम्मद रिजवान, रोबिन कैसेरा, नरेश महतो, शंभू सोनी, प्रदीप साहू सहित कई गण्यमान उपस्थित थे।

बाजरा उत्पादन पर आइआइटी-आइएसएम ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

धनबाद (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सालतोरा ब्लॉक स्थित सलमा ग्राम पंचायत में उच्च गुणवत्ता वाले बाजरा उत्पादन पर तीन दिवसीय (बुधवार से शुक्रवार) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण कोल इंडिया लिमिटेड की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत आइआइटी-आइएसएम धनबाद की ओर से संचालित किया गया है। इसमें मौजूदा चरण का फोकस उद्यमिता, पैकेजिंग और वैल्यू चेन डेवलपमेंट पर है, ताकि ग्रामीणों और किसानों को ऐसे कौशल मिल सकें। जिससे वे बाजरा आधारित उद्यम शुरू कर बड़े बाजार तक पहुंच बना सकें। इससे पहले हुए प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को वैज्ञानिक तरीके से बाजरा की खेती की जानकारी दी गई थी। पहले दो दिन सत्र बोलपुर-शांतिनिकेतन के बंधन स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रिंसिपल प्रो सुदीप्तो भट्टाचार्य ने लिया। वे स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से सर्टिफाइड एंटरप्रेन्योरशिप एजुकेटर, गोल्डमैन सैक्स स्कॉलर और लंदन बिजनेस स्कूल से सर्टिफाइड स्टार्ट-अप मेंटर हैं। उन्होंने ग्रामीणों को बिजनेस प्लानिंग, मार्केट रणनीति और स्टार्ट-अप से जुड़ी जानकारी दी। अंतिम दिन का सत्र कोलकाता के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के डिप्टी डायरेक्टर और ब्रांच हेड डॉ विधान दास ने लिया। उन्होंने वैज्ञानिक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और क्वालिटी स्टैंडर्ड्स पर प्रशिक्षण दिया, जिससे बाजरा उत्पादों को बेहतर मार्केट प्रतिस्पर्धा और पहचान मिल सके। प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधि, एनजीओ, कृषक बंधु, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कृषि अधिकारी और 100 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो नीलाद्रि दास (प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर) और प्रो रश्मि सिंह (को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर) कर रहे हैं। इनके साथ ही रोहित सिंह, सनी कुमार, सुमना बनर्जी और फिरदौस अंसारी की टीम सहयोग कर रही है।

छापामारी कर पुलिस ने दो जुआरियों को रंगहाथ दबोचा

बोकारो (आजाद सिपाही)। आम जनता से मिल रही शिकायतों के आधार पर एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर चास (मु.) थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापामारी कर दो जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान हरीला गोड़ा निवासी कृष्णा महतो उर्फ मनोज और हरिडीह निवासी शिवनाथ महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मामरकुदर गांव की जनता से पुलिस को जुआ अड्डा संचालित होने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस पर अंकुश लगाने और आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एसपी के निर्देस पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस ने चिन्हित स्थान पर छापामारी की और मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 10950 रुपए नगद, ताश के पत्ते और दो मोबाइल फोन बरामद करते हुए जब्त किया गया वहीं, पुलिस की छापामारी टीम में पिंड्राजोरा थाना प्रभारी, बरमसिया थाना प्रभारी सहित कुल 11 पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

शिक्षक समाज सुधारक होते हैं, उनका सम्मान जरूरीः विजय झा

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर श्री कृष्णा मातृ सदन एवं सात्विक आइवीएफ की ओर से गुरुवार को हिंदी कन्या मध्य विद्यालय और गुजराती स्कूल कतरास सहित अन्य विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सात्विक आइवीएफ धनबाद की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन कर निसंतान दंपतियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। इससे पूर्व कार्यकर्म का उद्घाटन डॉक्टर विश्वनाथ चौधरी, उषा चौधरी, महादेव चटर्जी, गुजराती स्कूल के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडेय, डॉक्टर शिवानी झा, समाजसेवी विजय कुमार झा, राखी कुमारी प्रभारी प्रधानाध्यापक हिंदी कन्या मध्य विद्यालय, मनीषा मीनू (न्यूट्रीशियन) की ओर से संयुक्त रूप से किया। इसके बाद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, कन्या पाठशाला की पूर्व शिक्षिका स्वर्गीय प्राणी मिश्रा एवं डीएवी मिड्ल स्कूल कतरास के पूर्व शिक्षक स्वर्गीय चुनचुन मिश्रा के

चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो और पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजराती स्कूल के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडेय, मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता गौतम मंडल और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विजय कुमार झा ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन 1952 से लेकर 1962 तक उपराष्ट्रपति रहे। इसके बाद राष्ट्रपति बने। ऐसे महापुरुष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षक दिवस हम सभी नमन करते हैं। कहा कि शिक्षक समाज के सुधारक होते हैं। उनके बिना समाज अधूरा है। वहीं, डॉ शिवानी झा ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन एक प्रतिष्ठित शिक्षक, विद्वान, दार्शनिक और राजनेता थे। राजनीति और शैक्षणिक परिदृश्य पर उनकी गहरी पकड़ थी। जबकि डॉ विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृशणन के साथियों और छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। इस पर उन्होंने कहा था कि उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। यही उनके लिए सम्मान होगा। डॉ नेहा प्रियदर्शिनी ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को अज्ञानता से दूर कर ज्ञान की रोशनी भरते हैं। शिक्षक हमे एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। शिक्षक के बिना ज्ञान संभव नहीं है। इस दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 40 दंपतियों को चिकित्सा परामर्श दी गई। इस दौरान सम्मानित होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में राखी कुमारी प्रभारी प्रधानाध्यापिका, रेखा कुमारी सहायक शिक्षिका, मनीषा कुमारी सहायक शिक्षिका, श्रवण कुमार महतो, उमेश चंद्र महतो, रूपेश कुमार बर्मन, जावेद इकबाल, सीमा रानी, कविता शर्मा, वंदना कुमारी, संगीता बर्मन, सविता कुमारी, पिंकी कुमारी, ममता कुमारी, सूर्यनारायण तिवारी भूतपूर्व प्रधानाध्यापक कन्या हिंदी मध्य विद्यालय, महादेव चटर्जी, आशुतोष पांडेय प्रधानाध्यापक गुजराती स्कूल कतरास, सरिता वर्मा डिनोबली स्कूल कोराडीह, सरिता गुप्ता पूजा भारती कुमारी ज्ञान शिशु मंदिर रानी बाजार कतरास और रूबी हाजरा टाटा डीएवी आदि शामिल थे। इस मौके पर धीरज सिंह, विनोद सिंह, राणा प्रताप चौहान, शंकर चौहान, अनुज सिन्हा, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी और डॉ विनय कुमार आदि उपस्थित थे।

जादू महतो आत्महत्या मामले में सबूर गोराई का नाम बेवजह ही घसीटा जा रहा : भाकपा-माले

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/पाथरडीह। नुनूडीह स्थित कॉमरेड एके राय स्मृति भवन में भाकपा माले (बीसीकेयू) की ओर से संवाददाता सम्मेलन की गयी। जिसमें बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष हलधर महतो ने कहा कि कुलटांड़ बस्ती निवासी शिव शंकर उर्फ जादू महतो द्वारा आग लगाकर आत्महत्या करने के मामले में बीसीकेयू के नेता सबूर गोराई का नाम एक साजिश के तहत लिया जा रहा है। उक्त वीडियो जारी कर उन्हें फंसाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। प्रशासन को इसकी जांच करने की जरूरत है। कहा कि सबूर गोराई की प्रतिष्ठा का हनन बर्दाश्त नहीं करेंगें। कहा कि मिवान स्टील मोनेट कोल वाशरी में मजदूरों को एचपीसी के तहत मजदूरी दिलाने के लिए बीसीकेयू के बैनर तले सबूर गोराई ने प्रबंधन के साथ लंबी लड़ाई लड़ी है। एएलसी धनबाद से समझौता वार्ता के बाद एचपीसी लागू किया गया है। यही नहीं, एचपीसी का बकाया एरियर की राशि का भुगतान किया गया और ठेका मजदूरों को वार्षिक वोनस का भी भुगतान कराया है। उन्होंने कहा कि जादू महतो मिवान स्टील मोनेट कोल वाशरी में ठेका कार्य करते थे। मजदूरों का वेतन भुगतान करने एवं उनके उपर बकाया जीएसटी राशि नहीं देने का क्या मामला था। प्रबंधन उन्हें क्यों टर्मिनेट किया उससे किसी को कोई लेना देना नहीं है। वहीं, यूनियन के झरिया प्रखंड अध्यक्ष सबूर गोराई ने कहा कि कुलटांड़ बस्ती निवासी शिव शंकर महतो उर्फ जादू महतो के निधन से गहरा दुःख है। उनके परिवार के प्रति संवेदना भी हैं। पर जादू महतो के घायलावस्था में सोची समझी एक साजिश के तहत किसी ने यह बयान दिलवाया है। उन्होंने पुलिस से दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर सुरेश प्रसाद गुप्ता, कृष्ण बल्लभ पासवान, शिव कुमार सिंह, आरएन घोष, बच्चन भारतीय, मो अलीम अंसारी, बरारी मस्जिद सदर, बिरेन गोराई, मंगल मुर्मू, इसफाक अंसारी आदि उपस्थित थे।

भारत और चीन को धमकाना बंद करें ट्रंप : पुतिन

बीजिंग। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद को मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रंप, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है। दरअसल, ट्रंप भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रंप अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं।

बंगाल विधानसभा में अभूतपूर्व हंगामा
5 भाजपा विधायक किये गये निलंबित

विपक्षी विधायकों और मार्शल के बीच जमकर हाथापाई

- डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सदन में नारेबाजी और हंगामा
- ममता के भाषण के दौरान भाजपा विधायकों ने की नारेबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। बंगाल विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में अभूतपूर्व हंगामा देखने को मिला। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसे ही प्रस्ताव पर बोलने के लिए खड़ी हुईं विपक्षी भाजपा के विधायकों ने सीटों से खड़े होकर नारेबाजी शुरू कर दी। लगातार नारेबाजी एवं सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने पांच भाजपा विधायकों- मुख्य सचेतक डा शंकर घोष, अग्निमित्रा पाल, मिहिर गोस्वामी, अशोक डिंडा एवं बंकिम घोष को आज के लिए सदन की शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया। डेढ घंटे से अधिक समय तक सदन में दोनों तरफ से लगातार नारेबाजी एवं हंगामा चलता रहा।

हंगामे की शुरुआत दिन के 1.50 बजे तब हुई, जब मुख्यमंत्री प्रस्ताव पर बोलने के लिए जैसे ही खड़ी हुईं, भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने आरोप लगाया कि प्रस्ताव पर हमारे सभी वक्ताओं को स्पीकर ने बोलने नहीं दिया। स्पीकर ने आरोपों को खारिज करते हुए प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायकों से बार-बार सीटों पर बैठने की अपील की लेकिन नारेबाजी जारी रही। यहां तक की सदन के बीचोंबीच आकर विपक्षी विधायक नारेबाजी कर रहे थे और कागज के टुकड़े भी फाड़ कर फेंकें। चेतावनी के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में सबसे पहले भाजपा के मुख्य सचेतक डा शंकर घोष को आज की शेष कार्यवाही के लिए सदन से निर्लंबित कर दिया। उन्होंने मार्शल को शंकर घोष को सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा विधायकों और मार्शलों के बीच जम कर हाथापाई हुई। इसी बीच घोष नीचे फ्लोर पर गिर पड़े। इससे माहौल और भी गरम हो गया। काफी मशक्कत के बाद मार्शलों ने शंकर घोष को आखिरकार जबरन खींच के सदन से बाहर निकाला।

ममता बनर्जी ने मोदी चोर के लगाये नारे

ममता ने सदन में भाजपा चोर, मोदी चोर, वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे भी लगाए।ममता ने कहा कि देश से अब भाजपा की विदाई का घंटा बजा चका है। उन्होंने यहां तक कहा कि मैं भाजपा को धक्का देकर जीरो कर दूंगी। ममता ने कहा कि भाजपा का आजादी के आंदोलन से कोई सरोकार नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अंग्रेजों की दलाली की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अंग्रेजों के साथ साजिश कर उसने (भाजपा) देश का विभाजन करा दिया और देश की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली लेकर चला गया।

ज्ञान से चरित्र निर्माण तक की यात्रा

डॉ भारद्वाज शुक्ल

यह सर्व विदित है कि प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को हम शिक्षक दिवस मनाते हैं, यह केवल एक औपचारिक समारोह नहीं, बल्कि यह उस अटूट बंधन और गहरी श्रद्धा का प्रतीक है जो एक शिष्य अपने गुरु के प्रति रखता है। यह दिन गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को बनाए रखने तथा गुरु के उपयोगिता और महत्व को समाज में अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से अति विशिष्ट है । यह दिन भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद, प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को समर्पित है। डॉ राधाकृष्णन स्वयं एक सर्वमान्य आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने कहा था, एक शिक्षक का काम सिर्फ पुस्तक और पाठ्यक्रम को पढ़ाना नहीं, बल्कि अपने छात्रों में जीवनोपयोगी मानवीय गुणों, व्यक्तित्व व राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना है। खुद दीपक की तरह जल कर ज्ञान की लौ जलाने वाले तथा समाज के शिल्पकार शिक्षक ही होते हैं। एक सफल शिक्षक सिर्फ सूचनाओं का भंडार नहीं होता, वास्तविक शिक्षक न केवल हमें गणित के सूत्र और इतिहास की तारीखें सिखाते हैं, बल्कि वे हमें जीवन की हर चुनौतियों का सहर्ष विवेकपूर्वक सामना करना भी सिखाते हैं। हमें सही और गलत का अंतर करने तथा उचित निर्णय लेने में मार्गदर्शन करते हैं, हमारे भीतर अंतर्निहित आत्मविश्वास जगाते हैं और हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। वे हमारी कमजोरियों को पहचान कर उन्हें ताकत में बदलने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करते हैं। एक सच्चा शिक्षक वही है जो अपने छात्रों में केवल अंक लाने की होड़ न जगाये, बल्कि उनमें चरित्र निर्माण, सोचने-समझने की शक्ति और समाज के प्रति जिम्मेदारी जगाये। आज के नित बदलते परिवेश में, जहां तकनीक जीवन के हर क्षेत्र में न केवल प्रभावी है बल्कि पूरी तरह हावी होते जा रहा है ऐसे में एक योग्य शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। वे केवल पाठ्यक्रम के संरक्षक नहीं रहे, बल्कि वे ऐसे मार्गदर्शक बन गये हैं जो छात्रों को यह सिखाते हैं कि डिजिटल दुनिया में उपलब्ध असीमित जानकारी का सही उपयोग कैसे किया जाये। वे छात्रों को आलोचनात्मक सोच विकसित करने, समस्या-समाधान करने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। एक सच्चा शिक्षक अपने छात्रों के लिए आजीवन पथ प्रदर्शक बना रहता है। दुनिया में विज्ञान और तकनीक का चाहे जितना भी बोलबाला हो जाय सच्चे शिक्षक की महत्ता कदापि कम नहीं हो सकती। उदात्त शिक्षक डॉ राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल धनार्जन या नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक योग्य कर्तव्यनिष्ठ एवं आत्मनिर्भर राष्ट्रनिष्ठ इंसान बनाना है। जब उनके छात्र और मित्र उनका जन्मदिन विशेष रूप से मनाना चाहते थे, तो उन्होंने विनम्रता से आग्रह किया कि इस दिन को 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाए ताकि देश भर के शिक्षकों का सम्मान हो सके। उनका यह दृष्टिकोण शिक्षकों के प्रति उनके गहरे सम्मान को दर्शाता है। एक शिक्षक के योगदान को किसी पेशे से तुलना नहीं की जा सकती। शिक्षक का कार्य कोई सामान्य पेशा नहीं अपितु राष्ट्र निर्माण का दायित्व है। वे समाज की नींव हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों को गढ़ते हैं। उनका काम सिर्फ कक्षाओं के संचालन तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक मूल्यों, परंपराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाना भी है । शिक्षक दिवस हमें उन सभी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन हमारे भविष्य को संवारने में लगा दिया। आइए, इस शिक्षक दिवस पर हम अपने समस्त शिक्षकों का हृदय से सम्मान करें, जिन्होंने हमें सिर्फ ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि बेहतर भविष्य निर्माण में सहयोगी बन कदम कदम पर मार्गदर्शन व दिशादर्शन भी किया।

(लेखक : डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)





आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**